दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 74 | जयपुर, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**प्रदेश के मुखिया भजनलाल की पहल**

### आम आदमी की तरह ट्रैफिक में चलेंगे, लोगों को जाम से मिलेगी राहत

# मुख्यमंत्री ने खत्म किया VVIP कल्चर... रेड सिग्नल पर रुकेगा CM का काफिला



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब आम आदमी की तरह ट्रैफिक में चलेंगे। रेड सिग्नल होने पर उनका काफिला भी चौराहों पर आम पब्लिक की तरह रुकेगा। सीएम के इस फैसले से वीआईपी मूवमेंट पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। सीएम सहित अन्य वीवीआईपी के मूवमेंट के समय अक्सर जाम लगता था। ऐसे में गंभीर मरीजों को परेशानी होती है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को डीजीपी को निर्देश दिए हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यह पहल की है। सीएम भजनलाल चाहते हैं कि वीवीआईपी मूवमेंट से आम आदमी को परेशानी नहीं हो। इसलिए यह निर्णय लिया है।

**ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत:** सरकार के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिए। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नई व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

**सीएम की गाड़ी के चारों तरफ चलेंगे सिक्योरिटी वाहन:** सीएम ने यह भी तय किया है कि वे जा रहे हैं और कहीं लाल बत्ती है तो उनका काफिला लाल बत्ती पर भी रुकेगा। इसके लिए भी डीजीपी को निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं डीजीपी ने मुख्यमंत्री से मिले आदेश के बारे में जयपुर पुलिस कमिश्नर को जानकारी देकर प्लान बनाने को कहा है। हालांकि सुरक्षा को लेकर सीएम की गाड़ी के चारों ओर सिक्योरिटी वाले चलेंगे।



## जरूरी खबर

### रकुलप्रीत और जैकी भगनानी हुए एक दूजे के



**पणजी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बंधन में बंध गए हैं। दोनों ने बुधवार को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में पहले आनंद कारज रीति-रिवाज से शादी की। फिर सिंधी रीति-रिवाज से ब्याह रचाया। अब दोनों की शादी के बाद की तस्वीरें सामने आई हैं। रकुल ने खुद सोशल मीडिया पर अपनी और जैकी की तस्वीरें शेयर की हैं। रकुल और जैकी ने गोवा में इको-फ्रेंडली शादी की। उन्होंने मेहमानों को डिजिटल इन्विटेशन भेजा, ताकि कागज की बर्बादी ना हो। शादी में पटाखों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने मेहमानों के लिए ग्लूटन फ्री और शुगर फ्री खाना रखा गया।

### रेडियो अनाउंसर अमीन सयानी का हार्ट अटैक से निधन



**मुंबई।** रेडियो की दशकों तक पहचान रहे अमीन सयानी का बुधवार को निधन हो गया। उन्हें मशहूर रेडियो प्रोग्राम 'गीतमाला' के लिए जाना जाता था। उन्होंने 91 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उनके बेटे राजिल सयानी ने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें एचएन रिलायंस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। 21 दिसंबर, 1932 को मुंबई में जन्मे अमीन सयानी की आावाज रेडियो पर पहचान बन चुकी थी।

## किसान आंदोलन के बीच सरकार का बड़ा फैसला

### गन्ना खरीद में 8 फीसदी की बढ़ोतरी

# दिल्ली कूच को किसानों ने दो दिन के लिए टाला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने निकले किसानों का 'दिल्ली चलो' प्रोटेस्ट दो दिन के लिए रोक दिया गया है। इस बात की घोषणा पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति के प्रमुख किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने बुधवार को की। उन्होंने कहा कि दिल्ली मार्च में दो दिन का ठहराव रहेगा। यात्रा में ठहराव के दौरान हजारों किसान दोनों सीमाओं पर रुके रहेंगे। उधर, शंभू और खनौरी सीमा पर बड़ी संख्या में किसान डेरा डाले हुए हैं। इस बीच बुधवार देर रात सरकार ने मीडिया ब्रीफिंग में किसानों के हित के लिए बड़ा ऐलान किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने किसानों को लाभ देने के लिए गन्ना खरीद की कीमत में 8 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इससे गन्ने की कीमत 25 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी है।

इससे पहले दिन में उग्र प्रदर्शन करते हुए किसानों ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। इसमें पुलिस से उनकी तीखी झड़प भी हुई। पुलिस ने रबर की गोलियां चलाई और आंसू गैस के गोले छोड़े। इस घटना में एक किसान की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हो गए। झड़प में पुलिस के 12 जवान भी घायल हुए। किसानों ने दो दिन के लिए दिल्ली के प्लान पर ब्रेक लगा दिया और आगे की रणनीति के लिए शुक्रवार तक का समय निर्धारित किया।

### 23 फरवरी को तय होगी आगे की रणनीति



### पुलिस और किसानों में टकराव एक की मौत, 23 घायल

दातासिंह वाला बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच टकराव हो गया। यहां पंजाब की तरफ से किसान बॉर्डर की तरफ बढ़ने लगे तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन से पानी की बौछार शुरू कर दी। इस दौरान 23 लोग घायल हुए हैं। वहीं एक नौजवान की मौत हो गई। नौ आंदोलनकारी शंभू और 14 खन्नौरी बॉर्डर पर घायल हुए हैं। शंभू बॉर्डर पर घायल होने वाले सभी नौ किसानों को मामूली चोट आई है। इन्हें राजपुरा के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहीं खनौरी बॉर्डर पर घायल होने वाले 14 आंदोलनकारियों में से चार को पटियाला के सरकारी राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी हालत फिलहाल स्थिर है। वहीं बठिंडा निवासी 21 वर्षीय शुभकरण सिंह की गोली लगने से मौत हो गई। राजिंदरा अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एचएस रेखी के मुताबिक गोली के बारे में पोस्टमार्टम होने के बाद ही पता लग सकेगा। हरियाणा पुलिस ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि दाता सिंह-खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों ने पराली में मिर्च पाउडर डालकर पुलिस को चारों तरफ से घेर लिया।

### चुनाव में गांवों में नहीं आने देंगे: टिकैत

इससे पहले भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली जा रहे किसानों को रोके जाने पर कहा कि अगर वे (सरकार) किसानों को दिल्ली नहीं आने दे रहे हैं तो चुनाव में किसान भी उन्हें गांव में नहीं आने देंगे। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान, किसानों पर दर्ज केस वापस लेने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मेरठ में भाकियू की ओर से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया था।

**किसान नेता रामपाल को किया गिरफ्तार:** जयपुर। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष व किसान नेता रामपाल जाट को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जाट 500 ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली कूच करने वाले थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। रामपाल जाट सीलगांव अराई अजमेर में सुबह 5 बजे किसानो से वार्ता कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**किसान नेता जगजीत की तबीयत बिगड़ी:** किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल की बुधवार शाम करीब 4:00 बजे तबीयत बिगड़ गई। दरअसल, आंदोलनकारी किसानों पर हरियाणा सरकार ने आंसू गैस के गोले दागे। गोले के धुएं की चपेट में आने की वजह से डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


## मां-बाप दोनों कमाने वाले, इसलिए दोनों को उठानी चाहिए जिम्मेदारी: हाईकोर्ट

# 'बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी अकेले पिता पर डालना गलत'

**बेधड़क** | जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि यदि मां-बाप दोनों कमाने वाले हैं तो बच्चे की जिम्मेदारी अकेले पिता पर डालना गलत है। यदि बच्चे के दोनों संरक्षक नौकरी करते हैं तो भरण-पोषण की जिम्मेदारी भी दोनों को शेयर करनी होगी।भरण-पोषण के एक मामले में


राजस्थान हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी की है। तलाक के मामले में फैमिली कोर्ट ने पति को 8 हजार रुपए अपनी पत्नी को हर महीने अंतरिम गुजारा भत्ता देने के आदेश दिए थे। इस आदेश को पति ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जोधपुर के पावटा इलाके के रहने वाले पति-पत्नी ने 2019 में तलाक के लिए फैमिली कोर्ट में एप्लीकेशन दिया था। दोनों का केस फैमिली कोर्ट नंबर 3 में चल रहा था। मार्च 2023 में फैमिली कोर्ट ने बच्चों व पत्नी के अंतरिम गुजारा भत्ता देने के आदेश दिए। इसके तहत पति को 8 हजार रुपए हर महीने अपनी पत्नी-बच्चों को देने थे। पति प्राइवेट कंपनी में सेल्समैन है। पत्नी प्रीति सरकारी टीचर है। पति ने पति-पत्नी दोनों की नौकरी का हवाला देते हुए अप्रैल 2023 में हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए फैमिली कोर्ट के फैसले को चैलेंज किया था।



### दोनों को शेयर करनी होगी जिम्मेदारी

पति की ओर से वकील हैदर आगा व सलमान आगा ने तर्क दिया गया कि बच्चों के माता-पिता दोनों कमाते हैं। पति सेल्समैन हैं। उनकी पत्नी प्रीति सरकारी टीचर है। बच्चों के संरक्षक (माता-पिता) दोनों कमा रहे हैं। दोनों की आर्थिक स्थिति सामान है। हाईकोर्ट के जज मदन गोपाल व्यास ने पति की याचिका को स्वीकार कर लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद जज ने कहा- यदि बच्चे के दोनों संरक्षक नौकरी करते हैं तो भरण-पोषण की जिम्मेदारी भी दोनों को शेयर करनी होगी। ऐसे में बच्चे के भरण-पोषण की जिम्मेदारी का बोझ अकेले पिता पर डाला जाना गलत है।

## यूथ कांग्रेस का हंगामेदार प्रदर्शन



फोटो: पंकज शर्मा

**जयपुर।** राजधानी में बुधवार को यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रोजगार और किसानों को सम्मान देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जाते समय यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों में तीखी झड़प हुई। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। इस पर पुलिस को कार्यकर्ताओं पर हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसके अलावा पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए वाटर केनन का इस्तेमाल भी किया।

■ पेज 3 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**एसीबी का शिकंजा**

# पत्नी सरपंच... बहन और बहनोई के नाम से बनाई आवासीय स्कीम

- संयुक्त निदेशक ने बहन-बहनोई के नाम से खरीद ली करोड़ों रुपए की जायदाद
- एसीबी ने आरोपी की पत्नी व बहन-बहनोई को भी बनाया मामले में आरोपी
- आरोपी के पास मिली आय से 70% से ज्यादा की जायदाद

**बेधड़क** | जयपुर

पत्नी को सरपंच बनाकर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुवालाल पहाड़िया ने जमवारामगढ़ में खुद की बहन और बहनोई के नाम से आवासीय स्कीम तक विकसित कर दी थी। आरोपी सुवालाल पहाड़िया के खिलाफ कई बार विभागीय जांच और गड़बड़ी करने पर थाने में मामला दर्ज हो चुका है। खास बात है कि पहाड़िया की वेतन वृद्धि भी रोकी गई और कई माह तक निलंबित भी रहे। इसके बाद भी महत्वपूर्ण पदों पर बने रहे। पहाड़िया ने अवैध आय के लिए पत्नी संपती देवी को सरपंच बना दिया। संपती देवी के खिलाफ भी ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की कई शिकायतें की, लेकिन पति और पत्नी मिलकर अवैध आय जुटाने में लगे रहे। एसीबी ने सर्च की कार्रवाई के बाद सुवालाल पहाड़िया के साथ में उनकी पत्नी संपती देवी और बहन लक्ष्मी व बहनोई राजकुमार चावला के खिलाफ भी आय से अधिक सपंत्ति का आरोपी मानकर मामला दर्ज कर लिया। एसीबी जायदाद की वेल्यू की जांच कर रही है। एसीबी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सुवालाल पहाड़िया की वैध आय से 70 फीसदी के करीब ज्यादा संपत्ति अर्जित की है।



### आय से लगभग दो गुना जायदाद

एसीबी की पड़ताल में सामने आया कि सुवालाल पहाड़िया ने वर्ष 1997 में समाज कल्याण विभाग में ज्वॉइन किया था। सुवालाल, उसकी पत्नी और बहन-बहनोई के नाम से 3.48 करोड़ की जायदाद मिली है। पहाड़िया की वैध आय ज्वॉइन करने से अब तक 1.03 करोड़ रुपए की है, जबकि पत्नी की 56 लाख और बहनोई की 5 लाख रुपए है। कुल वैध आय लोन समेत करीब 2.88 करोड़ रुपए की आंकी गई है, जबकि खर्चा 1.40 करोड़ रुपए आंका गया है। कुल संपत्ति व खर्चा करीब 4.89 करोड़ है।

**करोड़ों की जमीन के दस्तावेज मिले:** सुवालाल पहाड़िया ने अपने व पत्नी और बहन-बहनोई के नाम से जयपुर में कई जगह आलीशान घर ले रखे हैं, जबकि चारों के नाम से जमवारामगढ़ में कई बीघा जमीन है, जिसकी बाजार कीमत वर्तमान में करोड़ों रुपए है। हालांकि एसीबी ने डीएलसी दर पर जमीन की कीमत आंकी है। आरोपी व उसके परिजनों व रिश्तेदारों के नाम से 36 आवासीय व कृषि भूखंडों के दस्तावेज मिले हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपए में है।

**किराए पर उठाए मकान और दुकान:** सुवालाल पहाड़िया का जगतपुरा में 400 वर्ग गज का मकान है। उसने जयपुर शहर के आस-पास कई जगह मकान और दुकानों को खरीद रखे हैं, जिन्हें किराए पर दे रखा है। जमवारामगढ़ में कृषि भूमि ले रखी है। इसके साथ ही करधनी शॉपिंग सेंटर में प्लॉट ले रखा है। दुकान और मकान दोनों किराए पर दे रखे हैं। इसके साथ ही मालवीय नगर का भूखंड भी किराए पर उठा रखा है।

## जरूरी खबर

### आमजन की समस्याओं का हो जल्द निस्तारण



**बेधड़क.जयपुर।** प्रशासनिक सुधार विभाग के शासन सचिव राजन विशाल ने बुधवार को सचिवालय स्थित विभाग मुख्यालय का दौरा किया। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजन विशाल ने सभी कार्मिकों को निर्देश दिए हैं कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करें। विशाल ने कहा कि राज्य सरकार की यह मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर संवेदनशील, पारदर्शी, जवाबदेही प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा की राजस्थान सम्पर्क पोर्टल को अत्यधिक प्रभावशाली बनाने के लिए हमे एक कदम आगे चलने की जरूरत है।

### उपमुख्यमंत्री बैरवा देंगे दिव्यांगजनों को पुरस्कार

**बेधड़क.जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह का आयोजन गुरुवार को भगवंत सिंह मेहता सभागार, नेहरू भवन में किया जाएगा। इस समारोह में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत देंगे। समारोह में सर्वश्रेष्ठ 31 दिव्यांगजनों एवं विशेष दिव्यांगजनों के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ 22 व्यक्तियों,संस्थाओं,कार्यालयों कुल 53 चयनितो को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### राज्यवर्धन राठौड़ ने किया खेल संकुल का निरीक्षण



**बेधड़क.जयपुर।** युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को बूंदी के खेल संकुल का निरीक्षण कर यहां चल रहे निर्माण कार्यों का जाजया लिया। उन्होंने खेल संकुल में बनाए जा रहे स्विमिंग पूल तथा बॉस्केट बॉल मैदान के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने खेल संकुल में ही बनाए जा रहे मल्टीपरपज हॉल के निर्माण कार्य तथा अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह, जिला बैडमिंटन संघ अध्यक्ष अजय नुवाल, सचिव मुकेश दाधीच, पूर्व जिला खेल अधिकारी सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में फिर गरमाई राजनीति, पराक्रम राठौड़ का निर्वाचन नामंजूर

# चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव बताया असंवैधानिक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में एक बार फिर राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई है। आरसीए की ओर से चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को असंवैधानिक घोषित करने के बाद सियासत तेज हो गई है।




दरअसल, मंगलवार को चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव आयोजित किए गए थे। इसमें बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी, लेकिन इसके 24 घंटे बाद ही अब आरसीए ने चूरू जिला क्रिकेट संघ के चुनाव को असंवैधानिक करार देकर पदाधिकारी के निर्वाचन को नामंजूर कर दिया है।

आरसीए के सेक्रेटरी भवानी सामोता ने बताया- चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने 20 और 22 फरवरी के दिन चुनाव आयोजन की स्वीकृति मांगी थी। आरसीए ने चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन को चुनाव के लिए 22 फरवरी की तारीख दी, लेकिन बिना किसी सूचना और नियमों के विपरीत चूरू जिला क्रिकेट और संगठन में 20 फरवरी को चुनाव का आयोजन कर लिया। इसके साथ ही चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव में आरसीए से अधिकृत कोई भी ऑब्जर्वर मौजूद नहीं था।

### बेवजह विवाद पैदा कर रहा है आरसीए

चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पराक्रम सिंह ने कहा कि राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन बेवजह विवाद पैदा कर रहा है। चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव नियमों के तहत हुआ, जिसमें आरसीए के ऑब्जर्वर शक्ति सिंह राठौड़ भी मौजूद थे। चुनाव की सूचना भी आरसीए को भेजी गई थी। अब बेवजह इस पूरे मुद्दे को लेकर विवाद पैदा किया जा रहा है। हालांकि अब तक मुझे इस बात का कोई नोटिस या लेटर नहीं मिला है। जब मुझे नोटिस मिलेगा, उसका जवाब दिया जाएगा। इधर, आरसीए के उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राठौड़ ने कहा कि चूरू डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव पूरी तरह से संवैधानिक है। मेरे पास चूरू के सेक्रेटरी सुशील शर्मा का फोन आया था। उन्होंने मुझे बताया कि वह तीन-चार दिन से आरसीए के सेक्रेटरी भवानी सामोता को फोन कर रहे हैं। यहां चुनाव को लेकर ऑब्जर्वर भेजना है, लेकिन वह मेरा फोन नहीं उठा रहे हैं। इसके बाद मैं उपाध्यक्ष होने के नाते अपनी जिम्मेदारी समझकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव में गया था।

### पराक्रम सिंह अध्यक्ष व सुशील शर्मा बने थे सचिव

चूरू जिला क्रिकेट संघ के चुनाव में पराक्रम सिंह राठौड़ अध्यक्ष, सुशील शर्मा सचिव और दीनदयाल सारस्वत कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। उपाध्यक्ष पद पर रघुनंदन शर्मा, मनोज गढ़वाल और कमल किशोर पुजारी निर्वाचित हुए थे। संयुक्त सचिव के पद पर मुरारी लाल शर्मा और जगदीश शर्मा निर्वाचित हुए थे। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सौरभ सारस्वत, वसीम अहमद, अमित सिंह, मनीष शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, दीपक कुमार और भंवर वीरेंद्र सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

### आरसीए अध्यक्ष की रेस में पराक्रम

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच हुआ करार बुधवार को समाप्त हो गया। अब खेल विभाग क्रीड़ा परिषद की कार्यकारिणी को भंग करने की तैयारी कर रहा है। इधर, आरसीए अध्यक्ष को लेकर पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम और कैबिनेट मंत्री गजेंद्र खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर का नाम सियासी चर्चाओं में चल रहा है। बता दें कि अभी वैभव गहलोत आरसीए के अध्यक्ष हैं। राज्य सरकार शीघ्र ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में ऐडहोक कमेटी बिठाकर फिर से चुनाव करा सकती है।

## सीएम बनने के बाद पहली बार बाड़मेर दौरे पर पहुंचे सीएम शर्मा

# आपके हर वादे को भाजपा की सरकार करेगी पूरा: मुख्यमंत्री

- केंद्र ने धारा 370 हटाने का वादा निभाया, राम मंदिर भी बनवाया
- नकल माफिया को नेपाल से पकड़कर लेकर आए

**बेधड़क** | बाड़मेर

राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहली बार बाड़मेर के दौरे पर पहुंचे। मुख्यमंत्री बाड़मेर के गुढ़ामालानी में आलपुरा स्थित आलमजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए। इसके बाद सीएम चालकना में चालकनेची माता मंदिर महासम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री इस मौके पर जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने केंद्र सरकार के कार्यों की सराहना की और कांग्रेस सरकार पर तीखे वार किए। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- भाजपा ने चुनाव में दो वादे किए थे, धारा 370 हटाएंगे और राम मंदिर मंदिर बनाएंगे। विरोधी पार्टी ने दोनों ही वादों को बीजेपी का जुमला बताया था। लेकिन, हमने दोनों ही वादे पूरे किए हैं।

हमें धारा भी हटाई और राम मंदिर भी बनाया। उन्होंने कहा- रामलला भी जानते हैं कि किसे बुलाना है और किसे नहींउनकी मति मारी गई थी। वे तो दर्शन करने भी नहीं आए। सीएम ने कहा कि हम युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। नकल माफिया को नेपाल से पकड़कर लाए हैं। हमारी सरकार ने भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई की है। एंटी गैंगस्टर फोर्स तेजी से काम कर रही है। हमें जेल से गैंग चलाने वालों पर शिकंजा कसा है। उन्होंने कहा- हमने किसान सम्मान निधि बढ़ाने का फैसला किया है जल्द ही इसे बढ़ाया जाएगा। मंदिरों के बारे में घोषणा करते हुए सीएम ने कहा कि राजस्थान के मंदिरों के लिए 300 करोड़ बजट का प्रावधान किया है।

इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चैधरी, प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री कृष्ण कुमार के.के. विश्नोई, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक अरुण चैधरी, आदूराम मेघवाल, हमीर सिंह, प्रताप पुरी, छोटू सिंह सहित संत-महंत तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



### चालकना गांव बनेगा विश्राम गृह

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चालकना में चालकनेची माता मंदिर महासम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि चालकनेची माता के पैनोरमा सहित विभिन्न पैनोरमा का निर्माण हमारी पिछली सरकार ने करवाया था। ऐसे पैनोरमा हमारी संस्कृति एवं विरासत को संजोए रखते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। तनोट माता मंदिर, भादरियाराय माता मंदिर एवं चालकनेची माता मंदिर को शामिल करते हुए धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चालकना गांव में 2.50 करोड़ रुपए की लागत से रात्रि विश्राम गृह के निर्माण की घोषणा की। इससे पहले शर्मा ने चालकनेची माता मंदिर में दर्शन किए एवं पैनोरमा का अनावरण भी किया।

### सांस्कृतिक मूल्यों के निर्माण में मंदिरों की अहम भूमिका

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने वाले आस्था के केन्द्र हैं तथा मंदिरों से सांस्कृतिक मूल्यों का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में मंदिरों से जुड़ी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए महती प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष के बजट (लेखानुदान) में गोविन्द देव जी, पूंछरी का लौठा, तेजाजी का मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों के सौन्दर्यीकरण के लिए 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। शर्मा बुधवार को बाड़मेर के गुढ़ामालानी में आलपुरा स्थित आलमजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संस्कृति और सभ्यता को पूरे विश्व में एक अलग पहचान मिली है तथा आस्था केन्द्रों को विकसित करने की दिशा में अभूतपूर्व काम हुआ है। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ व केदारनाथ को जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण जैसे विकास कार्य देश के सांस्कृतिक स्थलों को पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### मुख्यमंत्री ने बाड़मेर में की जनसुनवाई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बाड़मेर दौरे के दौरान भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में भाग लिया। इस मौके पर सीएम ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पार्टी की तय रणनीतियों व विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई भी की। जनसुनवाई के दौरान सीएम ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री से मिलने के लिए लोग उत्सुक दिखाई दिए।



### सरपंचों के साथ सीएम का संवाद



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में सरपंचों के साथ संवाद किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि मेरे लिए ये अति विशेष क्षण है क्योंकि जनसेवा के लिए राजनीति में मेरा आगमन एक सरपंच के रूप में ही हुआ था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरपंचों के साथ केंद्र सरकार की परियोजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सहित ग्रामीण विकास के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, राज्यमंत्री केके विश्नोई भी उपस्थित रहे ।

## स्वास्थ्य के साथ कर रहे खिलवाड़

# बड़ी दवा कंपनियों की 15 दवाइयां फेल

- सरकार ने सप्लाई पर लगाई रोक

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में निशुल्क दवा योजना के तहत दी जाने वाली दवाइयों में मुनाफा कमाने के लिए दवा कंपनियां मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।




इन दवाइयों के सैंपल जांच में मानक से निचले स्तर का सॉल्ट मिला है। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (आरएमएससी) की ओर से कराई दवा सैंपल जांच में 14 कंपनियों के 15 नमूने फेल हुए हैं। इनमें कैल्शियम, विटामिन-डी, एमोक्सिसिलिन, लिवोसेटिरिजिन सॉल्ट से बनी टैबलेट-कैप्सूल समेत इंसुलिन इंजेक्शन, कैथेटर शामिल है। ये दवाइयां कैडिला, अलायंस बायोटेक, मर्करी लैबोरेट्रीज जैसी नामी कंपनियों से सप्लाई की जाती हैं। सैंपल फेल होने के बाद राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (आरएमएससी) ने इन सभी कंपनियों की दवा सप्लाई पर रोक लगा दी है। साथ ही कंपनियों को भी दवाइयों की सप्लाई रोकने के लिए कहा है।

आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि जब से कंपनियों की दवाइयों के सैंपल की जांच करवाई है। तब से अब तक बनने वाले तमाम बैच को रोका है और उनकी जगह दूसरी कंपनियों की दवाइयों की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि 14 कंपनियां हैं, जिनकी 15 दवाइयों के सैंपल फेल मिले हैं यानी उनमें मानक से निचले स्तर का सॉल्ट मिला है।

### राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के संबंध में बुधवार को राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (सीफू) में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला विभिन्न जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा औषधि भण्डार गृहों के जिला कार्यक्रम समन्वयकों ने भाग लिया। इस दौरान ने उन्होंने कहा कि दवाओं की खरीद एवं आपूर्ति के प्रबंधन को और सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि दवाओं की अनुपलब्धता के संबंध में फार्मासिस्ट प्रत्येक दिन अपने संस्थान के चिकित्साधिकारियों को भी अवगत कराए। इससे चिकित्सकों को रोगियों की दवाओं के अन्य विकल्प लिखने में मदद मिलेगी। उन्होंने दवाएं अनुपलब्ध होने की स्थिति में आवश्यकतानुसार समय रहते स्थानीय स्तर पर खरीद कर मरीज को दवा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। कार्यशाला में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के प्रभारी डॉ. रामबाबू जयसवाल ने निशुल्क दवा एवं जांच योजना के प्रबंधन एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। आरएमएससी की डॉ. कल्पना व्यास ने दवा योजना के तहत सप्लाई, लॉजिस्टिक चैन एवं प्रोक्योरमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. संजय पारीक ने औषधि एवं प्रसाधन, गुणवत्ता, फार्मेसी संबंधित मुद्दों, विक्रम सांखला ने ई-औषधि सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी प्रदान की।

## स्पीकर देवनानी से हुई हाई कमीशन की मुलाकात

# ब्रिटिश पार्लियामेंट का दौरा करेंगे राजस्थान विधानसभा के प्रतिनिधि

- दोनों सदनों के बीच नवाचारों की जानकारी का होगा आदान-प्रदान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा के प्रतिनिधि मंडल ब्रिटिश पार्लियामेंट का दौरा करेंगे। इस दौरे के दौरान राजस्थान के विधायक ब्रिटिश पार्लियामेंट की कार्य प्रणाली और वहां की तकनीक का अध्ययन करेंगे। जिससे दोनों सदनों के बीच नवाचारों की जानकारी का आदान-प्रदान हो सके।

यह दौरा कब होगा, प्रतिनिधिमंडल में कितने सदस्य बिट्रेन जाएंगे, इन सब चीजों की जानकारी आगे दी जाएगी। बुधवार को राजस्थान विधानसभा के प्रतिनिधिमंडल का ब्रिटिश पार्लियामेंट के लिए आमंत्रण मिल गया है।

दरअसल बुधवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से विधानसभा में ब्रिटिश हाई कमीशन के दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। देवनानी ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल ब्रिटिश हाई कमिशन में डीसीएच स्टीव हैकलिग और ब्रिटिश हाई कमिशन में ही राजनीतिक सलाहकार एमी रनिनगा का स्वागत किया। देवनानी ने राजस्थान विधानसभा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। विधानसभा के सदन में पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यगण जनहित के मुद्दों पर स्वस्थ परिचर्चा करते हैं। स्पीकर देवनानी ने आगे बताया कि जन समस्याओं के निस्तारण के लिए कानूनों का निर्माण करते हैं। विधानसभा में राजनीतिक आख्यान संग्रहालय का निर्माण किया गया है, जिसमें राजस्थान निर्माण और राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य को जीवन्त प्रदर्शित किया गया है।



### राजस्थान के विधायकों को ब्रिटेन आने का दिया न्योता

ब्रिटिश पार्लियामेंट दल ने राजस्थान विधानसभा के बारे में बारीकी से जानकारी ली। दल के सदस्यों ने ब्रिटेन की पार्लियामेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऊर्जा, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। संसद संवाद कार्यक्रम की चर्चा करते हुए ब्रिटिश दल ने राजस्थान विधानसभा के प्रतिनिधि मंडल को ब्रिटिश पार्लियामेंट में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का दल ब्रिटिश पार्लियामेंट में आकर वहां के कार्य प्रणाली और तकनीक का अध्ययन करें। इससे दोनों सदनों में एक दूसरे के नवाचारों की जानकारी का आदान-प्रदान हो सकेगा और सदनों में लोकतंत्र की चर्चा मजबूत हो सकेगी। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद थे।



## जरूरी खबर

### महिला हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम



**जयपुर।** उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग द्वारा अनुदानित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना महेश नगर की ओर से त्रिवेणी नगर आंगडबाड़ी में महिला हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को संबंधित कानूनी अधिकारों से अवगत कराया। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से विधिक सलाहकर्ता काउंसलर पिंकी शर्मा व रिंकेश शेखावत ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपनी सुरक्षा को लेकर भी जागरूक होना चाहिए। बालिकाओं को शिक्षा के विषय पर जागरूक किया और माता-पिता से बातचीत कर उन्हें स्कूल भेजने का आग्रह किया। महिलाओं को घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न पर जागरूक किया।

### आरआईसी में कल जुटेंगे प्रदेश भर के इंजीनियर्स

**जयपुर।** जल जीवन मिशन पर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला शुक्रवार को सुबह 9 बजे झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी होंगे। शासन सचिव पीएचईड़ी डॉ. समित शर्मा ने बताया कि जल जीवन मिशन की प्रगति को लेकर यह आमुखीकरण कार्यशाला हो रही है। एक दिवसीय इस कार्यशाला में प्रदेश भर से आए अभियंताओं के साथ जल जीवन मिशन के लक्ष्य के बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में एमडी जल जीवन मिशन बचनेश अग्रवाल, पीएचईड़ी के मुख्य अभियंता से लेकर सहायक अभियंता स्तर के अधिकारी तथा रसायनज्ञ एवं भूजल विभाग के अभियंता शामिल होंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

स्क्वायर परिवार ने त्योहार की तरह मनाया राजस्थानी भाषा दिवस

# ‘आपणी भाषा’ का देश-विदेश में मान बढ़ाने वालों का सम्मान

### राजस्थानी लोक नृत्य के साथ ही कॉमेडी परफॉर्मेंस रही खास

बेधड़क । जयपुर

स्क्वायर इंश्योरेंस ब्रोकर्स की ओर से राजस्थानी भाषा दिवस बुधवार को त्योहार की तरह मनाया गया। ‘आपणी भाषा-आपणो सम्मान थीम’ पर आयोजित इस समारोह में राजस्थान प्रदेश के यूट्यूबर इनफ्लुएंसर को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि बुधवार को देशभर में राजस्थानी भाषा के प्रचार प्रसार को लेकर राजस्थानी भाषा दिवस मनाया जाता है।

इसी कड़ी में स्क्वायर इंश्योरेंस ब्रोकर्स की ओर से राजस्थानी भाषा दिवस को सेलिब्रेट किया गया। स्क्वायर इंश्योरेंस ब्रोकर्स के एमडी राकेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष राजस्थानी भाषा दिवस को एक त्योहार की तरह ‘आपणी भाषा-आपणो सम्मान’ टैगलाइन रखकर मनाया गया।

इसमें राजस्थान प्रदेश के उन नामी युटयुबर्स को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक अपनी राजस्थानी भाषा से सबके दिलों में गहरी छाप छोड़ी है और राजस्थानी भाषा को खूबसूरत भाषा के रूप में पेश किया है।



### राजस्थानी भाषा में ही कार्यक्रम का संचालन

इस मौके पर सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा, हवा महल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र से विधायक कैलाश शर्मा और बॉलीवुड फिल्म अभिनेता जोजो ने कार्यक्रम में शिरकत की। अतिथियों ने यूट्यूबर्स को आयोजकों की ओर से स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम का संचालन राजस्थानी भाषा शैली में ही किया गया।

### राजस्थानी पहनावे में आए यूट्यूबर्स

कार्यक्रम में अधिकतर यूट्यूब इनफ्लुएंसर राजस्थानी गणवेश में ही कार्यक्रम में आए। उन्होंने राजस्थानी भाषा में ही अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में राजस्थानी लोक नृत्य के साथ ही कॉमेडी परफॉर्मेंस भी खास आकर्षण का केंद्र रही राजस्थान जयपुर की प्रसिद्ध यूट्यूब देवरानी और जेठानी की जोड़ी अनु चौधरी और वीणा चौधरी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की अपने बारे में बातें साझा करते उन्होंने बताया कि सुबह की चाय से लेकर रात के डिनर तक राजस्थानी गणवेश के अंदर एवं राजस्थानी भाषा में ही वह अपनी वीडियो और रेल बनती हैं उनका मुख्य उद्देश्य राजस्थानी भाषा राजस्थानी संस्कृति एवं राजस्थानी पहनावे को देश और विदेश तक पहुंचना है।

प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास भी हुए शामिल

# रोजगार और किसान मुद्दे पर युकां सड़क पर, पुलिस ने भांजी लाठियां

बेधड़क । जयपुर

राजीव गांधी युवा मित्रों को फिर से रोजगार दिए जाने और किसानों की मांगों को लेकर बुधवार को यूथ कांग्रेस सड़कों पर उतरी। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास भी शामिल हुए। शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जाते समय रास्ते में पुलिस से उनकी झड़प हो गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ने के प्रयास किए तो पुलिस ने उन पर लाठियां भांजी। पुलिस ने वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया।

इससे पहले सुबह यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पर सभा भी की। यहां यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते कहा कि इन लोगों ने झूठे वादे कर सरकार बनाई। सरकार बनने के बाद एक भी वादा पूरा नहीं किया। इन्होंने 2014 में कहा कि सबके खाते में 15-15 लाख रुपए आ जाएंगे, लेकिन नहीं आए।


फोटो: पंकज शर्मा



### युकां प्रदेश सचिव सहित कई को चोटें

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता शहीद स्मारक पर सभा के बाद सीएम आवास का घेराव करने के लिए निकले। यहां पर पुलिस ने पहले ही बैरिकेडिंग कर रखी थी, जिसको तोड़ते हुए प्रदर्शनकारी आगे बढ़े। कमिश्नरेट के आगे पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को फिर रोका, जहां उनकी पुलिसकर्मियों से झड़प हो गई और पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया, हालांकि कुछ देर बाद उनको छोड़ दिया। पुलिस के लाठीचार्ज में यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव जयदत्त जांगिड़ समेत कई लोगों के चोटें आई हैं।

### सरकार चाहती है नौजवान सड़क पर संघर्ष नहीं करें

यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव जयदत्त जांगिड़ ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे संघर्ष में पुलिस ने जानबूझकर लाठीचार्ज किया। पुलिस किसी तरीके से भी नकार नहीं सकती कि उन्होंने लाठीचार्ज नहीं किया। लाठीचार्ज में मेरी पीठ पर चोट आई। ये सरकार चाहती है कि किसी भी तरीके से किसान और बेरोजगार नौजवान सड़क पर नहीं आएं और संघर्ष ना करें। ये लोग चाहते हैं कि पुराने जमाने में जैसे सरकारें चलती थी अंग्रेजों के जमाने में, ये लोग वही करने का प्रयास कर रहे हैं। ये गुस्सा और आक्रोश लोकसभा चुनाव में भी दिखेगा, हमारी माता-बहनों की लाज बचाने में भी दिखेगा। बेरोजगार साथियों के संघर्ष के लिए भी दिखेगा।

### युवाओं की आवाज दबाना चाहती है सरकार

यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने कहा कि ये सरकार युवाओं की आबाज दबाना चाहती है। ये युवा विरोधी सरकार है। ये सरकार पुलिस और पानी से युवाओं की आवाज दबाना चाहती है। इस सरकार ने मोदी गारंटी, अच्छे दिन, 15 लाख का वादा किया था, लेकिन एक भी पूरा नहीं किया। हम न्याय मांगने आए थे, लेकिन लाठीचार्ज कर दिया।



### ढाई महीने में ही खो दिया विश्वास

यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि राज्य सरकार ढाई महीने में ही अपना विश्वास खो चुकी है। जो वायदे सरकार ने युवाओं और किसानों से किए थे, उस पर वो खरा नहीं उतर रही है। प्रदेश में बेरोजगार युवाओं के लिए किसी तरह की नौकरी की व्यवस्था नहीं की गई है।

जोशी ने भी कार्यभार ग्रहण किया

# सीएम के मीडिया कोऑर्डिनेटर शर्मा ने पदभार संभाला



बेधड़क। जयपुर

सचिवालय के मुख्य भवन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मीडिया कोऑर्डिनेटर आनंद शर्मा, मीडिया सलाहकार हिरेन जोशी और जन समन्वयक सतीश सरीन ने बुधवार को पदभार संभाला।

सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर आनंद शर्मा ने पूजा पाठ और मंत्रोच्चार के बाद पदभार ग्रहण किया। इस दौरान डीआईपीआर कमिश्नर सुनील शर्मा और अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सच बेधड़क से खास बातचीत में आनंद शर्मा ने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि सरकार और मीडिया के मध्य समन्वय बना रहे, ताकि जनहित की योजनाएं सही रूप से जनता के बीच तक जा सके। सीएम के मीडिया सलाहकार हिरेन जोशी ने भी पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार है, ऐसे में जनता को अधिक से अधिक लाभ कैसे मिल सके इसके लिए मिलकर काम करेंगे। जोशी ने कहा कि पत्रकारों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

सीएम के जन समन्वयक सतीश सरीन ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा ने हमेशा जनसुनवाई पर फोकस किया है। ऐसे में मेरी जिम्मेदारी है कि जनसुनवाई का कार्यक्रम लगातार चलता रहे। उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा से मिलने वालों को भी प्रॉपर तरीके से मिलाया जा सके। यह एक अहम जिम्मेदारी है जो जनता की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए सीएम और जनता के बीच एक सेतू की अहम भूमिका निभाऊंगा।

सतर्कता शाखा की कार्रवाई

# निगम दस्ते ने अतिक्रमण हटाया, 4 ट्रक सामान जब्त

बेधड़क। जयपुर

नगर निगम जयपुर हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर व उपायुक्त सतर्कता एस के मेहरानियां के निर्देशन में सतर्कता शाखा के अतिक्रमण दस्ते ने बुधवार को पुलिस जाप्ता के साथ अतिक्रमण हटाए। इस दौरान दस्ते ने करीब 4 ट्रक सामान भी जब्त किया।

आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि हेरिटेज निगम के हवामहल आमेर जोन क्षेत्र की तमिल कॉलोनी में एक व्यक्ति ने लोहे की जाली टीनशेड लगाकर सरकारी भूमि पर स्थाई रूप से अतिक्रमण कर लिया था। जेसीबी की सहायता से उसे ध्वस्त किया गया। आदर्श नगर जोन क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि पर लोहे की जाली व पानी की टंकी रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। आयुक्त सुराणा ने बताया कि हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा के अतिक्रमण दस्ते ने मय पुलिस जाप्ता के जलमहल के सामने, रामगढ़ मोड़, संजय बाजार, एमएम खान होटल से अस्थायी अतिक्रमण हटाए और मौके से 4 ट्रक सामान जब्त कर गोदाम में जमा करवाया।


अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

# अस्पतालों में जांची व्यवस्थाएं, मरीजों से संवाद कर लिया फीडबैक

बेधड़क । जयपुर

प्रदेश की भजन लाल सरकार जनता की सुविधाओं को मजबूत को करने में लगातार लगी है। इसके लिए अधिकारियों को फील्ड में जाकर व्यवस्था की नब्ज टटोलने के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जिले में संचालित राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने जिले में संचालित सामुदायिक चिकित्सा केन्द्रों, शहरी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र एवं प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई ने पत्रकार कॉलोनी स्थित शहरी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा केन्द्र में साथ सफाई, चिकित्सा सुविधाओं, जांच उपकरण, दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं एवं इंतजामों का जायजा लिया।



### कलेक्टर को प्रस्तुत की निरीक्षण रिपोर्ट

इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद आमजन से संवाद कर केन्द्र की व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। केन्द्रों के पंजीयन केन्द्र, दवा वितरण केन्द्र, जांच केन्द्र सहित अन्य कमरों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (चतुर्थ) लोकेश कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (दक्षिण) अबु सुफियान चौहान सहित महानिरीक्षक मुद्रांक, जिला रसद अधिकारियों, सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारियों ने भी राजकीय चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने 21 बिन्दुओं के प्रारूप में निरीक्षण रिपोर्ट जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की है।

### छात्रावासों में भी पहुंचे अफसर, देखे दस्तावेज



प्रशासनिक अधिकारियों ने जिले में संचालित राजकीय छात्रावासों का भी औचक निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (दक्षिण) अबु सुफियान चौहान गांधी नगर स्थित राजकीय एससी महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में भवन की स्थिति, साथ सफाई, भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं एवं इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्रा प्रवेश पंजिका, स्टाफ उपस्थिति पंजिका, राशन एवं रोकड़ पंजिका, भंडार पंजिका एवं मैस समिति बैठक पंजिका सहित अन्य पंजिकाओं एवं दस्तावेजों की जांच की। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (चतुर्थ) लोकेश कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई ने सहित महानिरीक्षक मुद्रांक, जिला रसद अधिकारियों, सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारियों ने भी राजकीय छात्रावास का निरीक्षण किया।

## जरूरी खबर

### गांव में राशन वितरण की मांग को लेकर प्रदर्शन



**करौली।** करौली जिला मुख्यालय के समीप कोसरा और डरुआपुरा गांव निवासी ग्रामीणों ने राशन वितरण में आ रही दिक्कतों को लेकर लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गांव में ही राशन वितरण की व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कोसरा एवं डरुआपुरा में करीब ढाई सौ घर की बस्ती है। गांव के करीब चार वर्ष पूर्व राशन डीलर को निलंबित कर दिया था। इसके बाद राशन वितरण का काम भोडेर के डीलर को सौंप दिया। इस कारण उपभोक्ताओं को राशन लेने के लिए चार किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

### अजमेर डिस्कॉम एमडी वर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**अजमेर।** अजमेर डिस्कॉम के नवनियुक्त प्रबन्ध निदेशक कमल प्रकाश वर्मा ने बुधवार शाम पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद वर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल में केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं प्रदान करना प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध करवाने के लिए अजमेर डिस्कॉम प्रतिबद्ध रहेगा। ठेकेदारों के कार्यो को निर्धारित मापदंड के तहत जांचा जाएगा। इसी तरह आरडीएसएस योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को भी समयबद्ध पूरा करना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

### अजमेर दरगाह में हिंदू मंदिर होने का दावा, सौंपा ज्ञापन



**अजमेर।** अजमेर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में बीते महीने जहां महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार ने दरगाह में हिंदू मंदिर होने का दावा किया था। वहीं, अब ऐसा ही एक दावा फिर से किया जा रहा है। इस बार यह दावा वीर हिंदू आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता और संस्थापक प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज वर्मा के द्वारा किया जा रहा है। इसको लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर लोकेश कुमार गौतम को ज्ञापन सौंपा गया और तारागढ़ के किले का एएसआई सर्वेक्षण करने की मांग की गई।

---

**तीन दिवसीय इंटरनेशनल डेजर्ट फेस्टिवल आज से,** विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

# सूफी संगीत और लोक गीतों से गुलजार होगी स्वर्ण नगरी

**बेधड़क** | जैसलमेर

जैसलमेर का जगविख्यात मरू महोत्सव (डेजर्ट फेस्टिवल) कल से जैसलमेर शहर से शुरू होगा। जैसलमेर में तीन दिन चलने वाले इस फेस्टिवल में राजस्थानी संस्कृति के साथ साथ राजस्थानी लोक संगीत और सूफी संगीत से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

तीन दिवसीय डेजर्ट फेस्टिवल की तैयारियों को जैसलमेर में अंतिम रूप दिया जा रहा है। पहले दो दिन शहर में और तीसरे दिन लखमना के रेतीले धोरों पर कई कार्यकर्मों का आयोजन होगा। प्रशासन और पर्यटन विभाग इस फेस्टिवल को बेहतरीन बनाने में लगे हैं। तीन दिन के कार्यक्रमों में राजस्थानी लोक संगीत के साथ, ऊंटों के कार्यक्रम, मिस्टर डेजर्ट-मिस मूमल प्रतियोगिता के साथ साथ सूफी संगीत के लिए बाहर से पंजाबी सिंगर को भी बुलाया गया है। जैसलमेर में कल सुबह सुबह 8.30 बजे सोनार दुर्ग में स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में आरती होगी। इसके बाद 9.30 बजे गड़ीसर तालाब से पूनम सिंह स्टेडियम तक शोभायात्रा निकलेगी। स्टेडियम में सुबह 10 बजे आकाश में गोल्डन बैलून छोड़े जाएंगे। यहीं दोपहर 12 बजे से विदेशी पर्यटकों एवं भारतीयों की सहभागिता से साफा बांधों प्रतियोगिता, मूमल महेंद्र, मूंछ प्रतियोगिता, मिस मूमल, मिसेज डेजर्ट व मिस्टर डेजर्ट प्रतियोगिता होगी, दोपहर बाद 2 बजे से आई लव जैसलमेर फाउंडेशन द्वारा डाइन विद जैसलमेर का आयोजन होगा।



शाम 6.30 बजे स्टेडियम में आइकंस ऑफ जैसलमेर का सम्मान किया जाएगा। शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक सन्स ऑफ द सॉइल्स कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोक कलाकार व बॉलीवुड सेलिब्रिटी मामे खान परफॉर्मेंस देंगे।

### कैमल डेकोरेशन प्रतियोगिता

23 फरवरी को फेस्टिवल के तीसरे दिन सुबह 6 से 8 बजे तक गड़ीसर तालाब पर इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक एवं योगा का कार्यक्रम को आयोजन किया जाएगा। 10 बजे से डेडानसर स्टेडियम में कैमल डेकोरेशन प्रतियोगिता, शान-ए-मरुधरा प्रतियोगिता, एयरफोर्स के जवानों द्वारा एयर वॉरियर ड्रिल शो, टग ऑफ वार प्रतियोगिता, पणिहारी मटका रेस प्रतियोगिता और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं शाम 4 बजे से बीएसएफ द्वारा कैमल टेटू शो और कैमल पोलो मैच का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 से 10 बजे तक पूनम सिंह स्टेडियम में सीटी वाइब का आयोजन होगा। इसमें कमायचा वादक घेवर खान द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं डेजर्ट सिंफनी बैंड और सेलिब्रिटी मेगा नाइट में पंजाबी सिंगर जस्सी गिल अपनी परफॉर्मेंस देंगे।

### कालबेलिया डांसर गुलाबो की प्रस्तुति

24 फरवरी को अंतिम दिन सुबह 7.30 बजे खाभा फोर्ट में पीकॉक साइटिंग और लाइव इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक का आयोजन होगा। कुलधरा में सुबह 10 बजे से रंगोली, मांडना और वॉल पेंटिंग का आयोजन होगा वहीं 12 बजे से 4 बजे तक लाणेला के रण में घुड़ दौड़ होगी। दोपहर 12 बजे से खुहड़ी गांव के पास कैमल सफारी और लाइव लोक संगीत कार्यक्रम का आयोजन होगा। दोपहर 2.30 बजे से कैमल डांस, कैमल रेस और कैमल टेटू शो का आयोजन होगा। शाम 5.30 से 6.30 तक सम के पास कैमल रेस तथा आइकंस ऑफ जैसलमेर का आयोजन होगा।

---

**पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र,** उदयपुर-ऋतु बसंत उत्सव 23 से

# रोंकिनी गुप्ता अपनी रेशमी आवाज का चलाएंगी जादू

- एआर रहमान की पसंदीदा सिंगर हैं रोंकिनी
- बॉलीवुड के कई गानों को अपनी खूबसूरत आवाज दे चुकी हैं सिंगर
- सवाई गंधर्व महोत्सव से लेकर लता मंगेशकर पुरस्कार तक किए हासिल

**बेधड़क** | उदयपुर

जब शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच से देश-विदेश में भारतीय संगीत का परचम फहरा चुकीं रोंकिनी गुप्ता अपनी रेशमी आवाज में सुर साधेंगी तो निश्चित ही न सिर्फ शिल्पग्राम का माहौल शास्त्रीय संगीत से ओतप्रोत होगा, बल्कि हर श्रोता एक अविस्मरणीय याद के रूप में उन पलों को हमेशा के लिए अपने दिल में शर्तिया उतार कर ले जाएगा।

बॉलीवुड में अपनी आवाज और शास्त्रीय संगीत पर महारत के बूते खास पहचान बना चुकीं हैं। दरअसल, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से शिल्पग्राम में शास्त्रीय संगीत को समर्पित "ऋतु बसंत उत्सव" का आगाज रोंकिनी की खूबसूरत ख्याल गायिकी से शुक्रवार से होगा। केंद्र के डायरेक्टर फुरकान खान का कहना है कि क्लासिकल सिंगिंग के क्षेत्र में रोंकिनी गुप्ता एक ऐसी अद्भुत गायिका है, जो शुद्ध ख्याल और बॉलीवुड संगीत का अनूठा मिश्रण है। संगीत के क्षेत्र में उनकी सुर-साफी और अभिव्यक्ति को मोल्ड करने की क्षमता के मामले में बहुत ही खास पहचान है।



### बॉलीवुड के पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका

16 वर्ष की आयु में डोवरलेन म्यूजिक नेशनल मेरिट, 21 वर्ष की आयु में ज़ी नेशनल टेलीविजन पर 'वर्ल्ड सीरीज सारेगामापा' तो वे 21 वर्ष की उम्र तक ही जीत चुकी थीं। इन्हें हिंदी फिल्म 'तुम्हारी सुलु' के गाने 'रफू...' और फिल्म 'सुई धागा' के हर जुबां पर चढ़ चुके सॉन्ग 'चाव लागा...' को अपनी सुरमयी आवाज दे चुकीं रोंकिनी तीन बार फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए भी नॉमिनेट की जा चुकी हैं। इन्हें "तुला झपनार आहे" नामक गाने के लिए 2020 में ज़ी टॉकीज-महाराष्ट्र की बेस्ट सिंगर का अवॉर्ड मिल चुका है। वहीं, कई अन्य पुरस्कारों से नवाजी जा चुकीं यह बॉलीवुड की स्थापित गायिका। और तो और, वे हाल ही में वर्ष 2023 के 'स्वर कोकिला लता मंगेशकर पुरस्कार' से भी सम्मानित की जा चुकी हैं।

### गीतकार एआर रहमान भी हैं इनकी आवाज के फैन


ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान जब किसी सिंगर की मुक्तकंठ से तारीफ करें तो समझा जा सकता है कि उसकी आवाज में कितनी कशिश और साधना होगी। रहमान रोंकिनी को सार्वजनिक रूप से कई बार अपनी सबसे पसंदीदा शास्त्रीय गायिका बता चुके हैं।

### प्रवेश रहेगा निशुल्क

यह कार्यक्रम 23 फरवरी से प्रतिदिन शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर शाम 6:30 बजे से होगा। आमजन के लिए इसमें प्रवेश निशुल्क रहेगा।

### कार्यक्रम की खूबी उम्दा क्यूरेशन

इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी खूबी इसका क्यूरेशन है। मसलन, पहले दिन क्लासिकल गायन के साथ कथक, दूसरे दिन गायन के बाद तीन बड़े संगीतज्ञों के वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी और तीसरे दिन दो प्रसिद्ध संगीतज्ञों का सरोद-सितार का इंस्ट्रूमेंटल डुएट... और फिर वर्ल्ड क्लास नृत्य स्तुति अपने आपमें बेमिसाल क्यूरेशन की प्रतीक है। इंस्ट्रूमेंटल डुएट... और फिर वर्ल्ड क्लास नृत्य स्तुति अपने आपमें बेमिसाल क्यूरेशन की प्रतीक है।



### कथक गुरु और प्रसिद्ध नृत्यांगना हैं डॉ.आरती

'ऋतु बसंत' के पहले दिन शुक्रवार को एक और प्रस्तुति, जो दर्शकों के लिए यादगार बनने वाली है, वह है प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डॉ.आरती सिंह एंड ग्रुप का कथक नृत्य। रायपुर (छत्तीसगढ़) के कमला नेहरू संगीत महाविद्यालय में नृत्य विभाग की प्रोफेसर डॉ.आरती उदयपुर के महाराणा कुंभा महोत्सव के अलावा उज्जैन के अखिल भारतीय कालिदास समारोह, खजुराहो डांस फेस्टिवल, वाराणसी के गंगा महोत्सव और रायगढ़ के चक्रधर महोत्सव जैसे प्रतिष्ठित समारोहों में अपनी सम्मोहित करने वाले कथक नृत्यों की प्रस्तुति दे चुकी हैं।

---

**अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब**

## नम आंखों से शहीद छोटू राम की अंतिम विदाई

**बेधड़क** | किशनगढ़

अजमेर के किशनगढ़ के तिलोनिया गांव का बीएसएफ जवान छोटू राम जाट पश्चिम बंगाल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। मंगलवार को शहीद की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव पहुंची। शहीद छोटू शहीद छोटू राम को बीएसएफ की 91 बटालियन में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे और उनकी पोस्टिंग पश्चिम बंगाल के महेशपुर में थी।

शहीद छोटू राम बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उन्हें 11 किलोमीटर लंबी अंतिम यात्रा निकाल कर अंतिम विदाई दी गई। पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ताबूत पर लपेटे हुए तिरंगे को सलामी दी और किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी और पूर्व विधायक नाथूराम सिसोदिया सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने शाहिद को पुष्प माला देकर श्रद्धांजलि दी।

उसके बाद शाहिद छोटू राम के पार्थिव देह पर लपेट तिरंगे को से सम्मान लपेटकर सहित छोटू सिंह के बेटे दीपेंद्र को सौंपा गया। उसके बाद विधि विधान से पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने कहा कि इस गांव में बड़ी संख्या में नौजवान देश की सेवा करने के लिए सेवा में जाते हैं। पहली बार तिलोनिया गांव का जवान शहीद हुआ है जिससे पूरा गांव शोक की लहर में डूबा हुआ है और हम सभी किशनगढ़ वासियों के लिए एक गर्व की बात है कि हमारा नौजवान देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हुए शहीद हुआ है। शहीद की पत्नी रामकन्या देवी, उनके बच्चे और परिजनों की चित्कार सुनकर आस-पास के लोगों की आंखें भी नम हो गई। इस दौरान शहीद छोटू राम की पत्नी रामकन्या देवी ने कहा कि मेरे पति की शहादत पर उन्हें बहुत ज्यादा गर्व है, भगवान ने जैसा मेरे साथ किया वैसा किसी और के साथ नहीं करना। जिन दुश्मनों ने मेरे पति को गोली मारी उनको मोदी सरकार चुन-चुन कर गोली मारे।



**सांसद की शिकायत पर कार्रवाई**

## बिसाऊ स्टेशन मास्टर सहित 3 सस्पेंड

**झूंझुनूं।** जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां रेलवे ने स्टेशन मास्टर सहित तीन कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है। कर्मियों के निलंबन का ये मामला रोचक इसलिए है, क्योंकि यह कार्रवाई सांसद की शिकायत पर हुई। दरअसल हुआ ये कि झूंझनूं जिले की बिसाऊ रेलवे स्टेशन पर सांसद नरेंद्र कुमार की पहल पर रेलवे ने बांद्रा से गंगानगर जाने वाली अरावली एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तय किया था। इसके लिए 21 फरवरी से ट्रेन का स्टॉपेज तय किया गया था। लेकिन तय कार्यक्रम से एक दिन पहले यानी कि 20 फरवरी को बिसाऊ स्टेशन पर अरावली एक्सप्रेस रुक गई। मामले में रेलवे ने बिसाऊ स्टेशन मास्टर समेत तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। सांसद नरेंद्र खीचड़ के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम तय किया गया, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह ट्रेन सोमवार को ही रोक दी। डीआरएम ने इस पर स्टेशन मास्टर इंद्रजीत, जयपुर सेक्शन कंट्रोलर तथा एक अन्य को निलंबित कर दिया।

---

**प्रधानमंत्री ने 16 फरवरी को किया था ऑनलाइन शिलान्यास**

# रेलवे की लेटलतीफी से वंदे भारत स्लीपर मेंटेनेंस डिपो के काम में देरी

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर बनने वाले देश के पहले वंदे भारत स्लीपर कोच का मेंटेनेंस डिपो का अभी तक काम ही शुरू नहीं हो पाया है। इस प्रोजेक्ट को अगले महीने मार्च में पूरा करने का लक्ष्य था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस प्रोजेक्ट का इस माह 16 तारीख को ऑनलाइन शिलान्यास किया था। लेकिन रेलवे की ओर से अभी फाइनल ड्राइंग ही अटकी हुई है। ऐसे में जिस कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट मिला है इसे तैयार करने का वह अभी मैन प्रोजेक्ट पर काम शुरू नहीं कर पाई है। मौके पर इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्क चल रहा है। इस प्रोजेक्ट की फाइनल ड्राइंग रेलवे ने रोक रखी है। इस प्रोजेक्ट से रेलवे के कई डिपार्टमेंट एड हैं। ऐसे में अभी सिर्फ ले आउट ही पास हुआ है। इसके बाद जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग पास होगी फिर स्ट्रक्चर ड्राइंग पास होगी। स्ट्रक्चर ड्राइंग मिलने के बाद पुणे की एचवाईटी इंजीनियरिंग कंपनी इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू करेगी। जिसे पूरा होने में 18 महीने लगेंगे।




### अगले वर्ष तक पूरा हो सकेगा

इस प्रोजेक्ट का काम 6 माह डिले हो चुका है। ऐसे में इसे पूरा करने की टाइम लाइन मार्च 2024 थी, लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ। अभी भी डिजाइन फाइनल होने के बाद समय लगेगा। ऐसे में यह प्रोजेक्ट अगले वर्ष तक पूरा हो सकेगा। रेलवे इस प्रोजेक्ट पर धीमी गति से चल रहा है। सभी डिपार्टमेंट की ओर से फाइनल तैयारी भी नहीं की गई। रेलवे के अलग अलग डिपार्टमेंट ड्राइंग को डिले कर रहे हैं।

### ले आउट प्लान का 18 बार करेक्शन

प्रोजेक्ट तैयार करने वाली कंपनी की ओर से ले आउट प्लान पिछले वर्ष जून में दिया गया था। लेकिन इसे 18 बार रेलवे के डिपार्टमेंट ने करेक्शन करवाया और इसे प्रधानमंत्री के स्टॉन फाउंडेशन के चार दिन पहले ही फाइनल किया गया। किसी भी प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए तीन अलग अलग स्तर पर ड्राइंग तैयार होती है। सबसे पहले ले आउट प्लान तैयार होता है। इस प्लान के फाइनल होने के बाद जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग फाइनल होती है और इसके बाद स्ट्रक्चरल ड्राइंग अप्रूव होती है। इसके बाद स्ट्रक्चरल ड्राइंग, फाइनल ड्राइंग होती है। कांट्रैक्टर इस ड्राइंग के अनुसार प्रोजेक्ट बनाता है। लेकिन इस डिपो के निर्माण के लिए अभी सिर्फ ले आउट ही फाइनल हो पाया है।

### यहां फंस रहा है पेच

इस प्रोजेक्ट के लिए रेलवे के कई डिपार्टमेंट जुड़े है। इस ड्राइंग को सिविल डिपार्टमेंट ओके करता है, तो मैकेनिकल डिपार्टमेंट कुछ कमी निकालता है। मैकेनिकल डिपार्टमेंट से ओके होती है तो इलेक्ट्रॉनिक डिपार्टमेंट से कमी सामने आती है। यहां से पास होने के बाद इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट फाइल अटका देता है। यही कारण है कि 8 महीने में 18 करेक्शन के बाद सिर्फ ले आउट ड्राइंग ही पास हुई है। जबकि यह एक सप्ताह में पास हो जानी थी। इस प्रोजेक्ट में रेलवे के सिविल, इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टेलिकॉम, टेलिकॉम सिग्नल, इलेक्ट्रिक सहित करीब 20 डिपार्टमेंट शामिल हैं। सभी अलग-अलग इस ड्राइंग को फाइनल करते हैं। अलग-अलग डिपार्टमेंट कई बार करेक्शन करवाते हैं। जबकि सभी डिपार्टमेंट की ओर से एक टेबल पर वर्क हो तो एक बार में फाइनल किया जा सकता है। प्रोजेक्ट मैनेजर सुमन बासु ने बताया कि फाइनल ड्राइंग रुका है। रेलवे की ओर से ले आउट पास हुआ है और जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग अप्रूव की बात कही है, लेकिन हमारे पास कोई पेपर नहीं आया। इसके बाद स्ट्रक्चरल ड्राइंग की अप्रूवल बाकी है। यह मिलने के बाद हमें काम पूरा करने में 18 माह लगेंगे। अभी प्रोजेक्ट का मैन काम नहीं हो रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम शुरू है। ड्राइंग मिल जाएगा तो काम शुरू करा देंगे।

## राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय और पुडुचेरी पुलिस में समझौते से मिलेगा रक्षा शिक्षा में नवाचारों को बढ़ावा

# आधुनिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सिविल सर्वेंट्स

बेधड़क | जयपुर

पुडुचेरी पुलिस विभाग और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) और संबद्धता पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही पुडुचेरी के सनवे मनोर में मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम शुरू किया गया है।

इस साझेदारी का उद्देश्य शैक्षणिक कार्यक्रमों को मान्यता देना, संयुक्त कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना है। एमओयू कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (अपराध एवं खुफिया) आईपीएस स्वाति सिंह ने सभी का स्वागत किया पुलिस कर्मियों और आरआरयू संकाय सदस्यों ने दृष्टिकोण और गतिविधियों के बारे में अपनी प्रस्तुति दी। पुलिस महानिदेशक बी. श्रीनिवास और आरआरयू के प्रति-कुलपति प्रो. (डॉ.) कल्पेश एच. वांड्रा ने सभा के सामने समझौते और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन दोनों पक्षों को एक-दूसरे को मजबूत करने और शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रमों के माध्यम से आम मिशन की दिशा में काम करने के लिए संसाधन साझा करने की अनुमति देता है।

इसके बाद दोनों प्रतिनिधि दलों के प्रमुखों ने विशेष संबोधन दिया। डॉ. वांड्रा ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन के साथ शुरू हुआ सहयोग छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और अनुभव प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।



### स्किल डेवलपमेंट के लिए किया मिशन लॉन्च

इस अवसर पर मिशन कर्मयोगी लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य सिविल सेवकों को आधुनिक दुनिया की गतिशील चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मानसिकता से लैस करना है। आरआरयू ने पुलिस कर्मियों को उनके विकास की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए मंच प्रदान किया है। इस अवसर पर डीआइजी बृजेंद्र कुमार यादव, आरआरयू के रजिस्ट्रार डॉ. शिशिर कुमार गुप्ता, अन्य पुलिस अधिकारी, विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आरआरयू, पुडुचेरी कैंपस के कैंपस निदेशक जी अर्थ ने सभा को धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

### क्या है आरआरयू

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का लक्ष्य राष्ट्रीय सुरक्षा और पुलिस के लिए एक अकादमिक-अनुसंधान-प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र बनना है। राष्ट्र में विश्वविद्यालय की उपस्थिति और सेवा का विस्तार करने के उद्देश्य से (आरआरयू अधिनियम 2020 की धारा 4(4)) आरआरयू ने हाल ही में केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में अपने चौथे विस्तार परिसर का उद्घाटन किया। यह परिसर अपराध विज्ञान और पुलिस प्रशासन में कला स्नातक, साथ ही साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक कार्यक्रम में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करता है

## Yuva स्टोरीज




### NEET-UG के लिए 14 विदेशी शहरों में भी केंद्र

**जयपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने 14 विदेशी शहरों में केंद्रों पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG आयोजित करने का निर्णय लिया। यह पहल एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद की गई है। NTA ने बुधवार को इसकी घोषणा की। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने बताया कि यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी। जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी वे दुबई, अबू धाबी और शारजाह (यूएई) हैं। कुवैत में कुवैत शहर, थाईलैंड में बैंकॉक, श्रीलंका में कोलंबो, कतर में दोहा, नेपाल में काठमांडू, मलेशिया में कुआलालंपुर, नाइजीरिया में लागोस, बहरीन में मनामा, ओमान में मस्कट, सऊदी अरब में रियाद और सिंगापुर में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा 25 को, आज से मिलेंगे प्रवेश पत्र

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सांख्यिकी अधिकारी (सांख्यिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 25 फरवरी को जयपुर जिला मुख्यालय के 41 और अजमेर जिला मुख्यालय के 30 परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11 से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर-पत्रक के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि उक्त परीक्षा के प्रवेश-पत्र 22 फरवरी 2024 को आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटिजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व अर्थात सुबह 10 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए तय समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं।

#### परीक्षा के लिए मूल पहचान पत्र जरूरी

अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। विशेष परिस्थितियों में मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) नहीं होने की स्थिति में अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर प्रवेश अनुमत किया जा सकता है। मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आयोग ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आने के लिए कहा है। साथ ही रिश्वत की मांग या अन्य प्रलोभन देने वाले की कंट्रोल रूम नंबर 0145-2635200, 2635212 एवं 2635255 पर शिकायत करने को कहा है।



### नन्हे 'ज्वेल्स' की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**जयपुर।** रावत पब्लिक स्कूल, भांकरोटा के वार्षिकोत्सव 'ज्वेल्स' में स्कूल के बच्चों ने अपनी लाजवाब प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का प्रारंभ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एच सी गणेशिया एवं पंडित मुकेश भारद्वाज को आमंत्रित किया गया। बच्चों ने श्री राम नृत्य, संगीतमय कार्यक्रम से पांडाल में मौजूद अभिभावकों व शिक्षकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए गए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक हेमेंद्र रावत एवं नरेंद्र सिंह रावत ने भी अपने उद्बोधन से सभी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या मोनिका बोस ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## उपमुख्यमंत्री ने 60 दिव्यांगों को वितरित की स्कूटी

# दिव्यांगों के हौसले की उड़ान को लगे 'स्कूटी' के पंख






बेधड़क | जयपुर

प्रकृति से मिले दिव्यांगता के बावजूद अपने हौसले से जीवन को शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ा रहे छात्रों को सरकार से स्कूटी के रूप में संबल मिला तो उनके जज्बे को जैसे पंख लग गए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के साथ बुधवार को राजकीय सावित्री बाई फुले छात्रावास, (कॉलेज स्तरीय) गांधीनगर में आयोजित मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह में 60 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित कीं। उप मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूटी प्राप्त वाले दिव्यांग जनों में कई बेटियां भी हैं।

राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा के लिए कार्य किए किए जा रहे हैं। बजट घोषणा में कराटे विधा को स्पोर्ट्स कोटा में शामिल किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और उनका समुचित संचालन भी होगा। उन्होंने कहा कि जुलाई में जब फिर बजट आएगा तो दिव्यांग जनों का विशेष ख्याल रखा जाएगा।

दिया कुमारी ने कहा कि पब्लिक प्लेस पर रैंप बनवाए जाने के साथ ही वहां ब्रेल लिपि में सूचना पट्ट भी लिखवाए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निजी संस्थाओं, उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट्स से सीएसआर के तहत समाज कल्याण के कामों के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने बताया कि जयपुर के जामडोली में कंपोजिट रीजनल सेंटर बनवाया जाएगा और इसी प्रकार दिव्यांगजनों के लिए राज्य में जिला रिहैबिलिटेशन सेंटर भी बनाए जाएंगे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की विशेष योग्यजन विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने हौसलों के साथ आगे बढ़ते हैं। राज्य सरकार की विशेष योग्य जनों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाएं उनको संबल प्रदान करती हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, आयुक्त विशेष योग्यजन एच. गुइटे, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।

### दिव्यांगों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास

समारोह की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांग जनों के प्रति संवेदनशील है और निरंतर दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आगे आने वाले समय में भी दिव्यांग जनों के लिए स्कूटी वितरण करती रहेगी और दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए धन की कमी नहीं आने देगी। उन्होंने बताया कि आगे आने वाले समय में विभाग द्वारा निशक्तजन प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर लगाए जाएंगे और योजनाओं का सीधा लाभ विशेष योग्य जनों को मिल सके इसका प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति शिक्षा की और अग्रसर हो तथा उच्च शिक्षा को प्राप्त कर सकें इस लिए चलन दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनो को राजस्थान मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से लाभान्वित किया जाता है।



## आर्य बाहरी नहीं, भारत के ही निवासी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग एवं सेन्टर फॉर म्यूजियोलोजी एंड कन्जर्वेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'द हड़प्पन साईट ऑफ राखीगढ़ी' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन सेमिनार हॉल, इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग में किया गया। सर्वप्रथम इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निकी चतुर्वेदी ने आगंतुकों का स्वागत किया ।

इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पुरातत्ववेत्ता प्रो. वसन्त शिंदे ने बताया कि दक्षिण राजस्थान की आहड़ संस्कृति और हड़प्पा सभ्यता के आपसी सम्बन्ध रहे हैं। राखीगढ़ी जो हड़प्पा सभ्यता का वृहद स्थल है, में किए गए अपने विशेष शोध के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। उन्होंने इस के आधार पर यह सिद्ध किया कि आर्य भारत के ही निवासी हैं, ये कहीं बाहर से नहीं आए। राखीगढ़ी से प्राप्त कंकालों के DNA भारत के सभी भाषाई वर्गों में मिलते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि वैदिक संस्कृति और हड़प्पा सभ्यता एक ही हैं और इसका क्रमिक विकास हुआ है, इसके कई तत्व आज भी भारतीय समाज में व्याप्त हैं। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. रीमा हूजा ने कहा कि इतिहास में होने वाले नवीन शोध सभी वर्गों तक पहुंचने चाहिएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग प्रो. विभा उपाध्याय ने की। उन्होंने कहा कि पुरातत्व इतिहास पर हावी है, क्योंकि पुरातत्व की कोई सीमा नहीं है, इसमें हमेशा नवीन तथ्य उभरकर सामने आते रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तमेघ पंवार ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्टूडेंट्स ने मनाया मातृभाषा दिवस



**जयपुर।** एमएनआईटी में हिंदी भाषा एवं गतिविधि क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन हुआ। संस्थान की ओर से विभिन्न स्थानों पर चलाए हस्ताक्षर अभियान में लोगों ने हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम को दर्शाते हुए हस्ताक्षर किए। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर बोर्ड्स लगाकर लोगों के हस्ताक्षर लिए गए। इसके अलावा छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसमें शीर्ष 10 विजेताओं को रोमांचक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. महेश जाट ने की।

**चेतावनी** | आरपीएससी ने लिए परीक्षा सुधार के निर्णय

# बिना क्वालिफिकेशन भर्ती परीक्षा दी तो होगी कार्रवाई

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने भर्ती परीक्षाओं में बिना क्वालिफिकेशन परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। गलत सूचना के आधार पर आवेदन करना और विज्ञापित पद की अर्हता नहीं होने पर भी उसे प्रत्याहरित नहीं किया जाना भारतीय दंड संहिता की धारा 182 के तहत दंडनीय अपराध है।

ऐसे प्रकरण में अभ्यर्थी को कालांतर में काउंसलिंग, पात्रता जांच एवं साक्षात्कार के दौरान अपात्र किए जाने पर आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए भर्ती परीक्षाओं से विवर्जित किया जाएगा एवं विधि सम्मत कार्यवाही भी की जा सकेगी। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आयोग की ओर से आवेदन से चयन तक की प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

अब ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी के द्वारा सामान्य प्रविष्टियों के अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव का इंद्राज करने पर इसकी पुष्टि के लिए अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्रेषित किया जाएगा। इसके माध्यम से पुष्टि करने पर ही ऑनलाइन आवेदन की शेष प्रविष्टियों का इन्द्राज किया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सभी प्रविष्टियों को भरने के पश्चात् पुष्टि के लिए अभ्यर्थी के पास पुनः ओटीपी प्रेषित किया जाएगा। पुष्टि करने पर एप्लीकेशन नंबर जनरेट होने के पश्चात् ही आवेदन-पत्र को प्राप्त माना जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने पर एप्लीकेशन नंबर आवश्यक रूप से प्राप्त होगा। इसके अभाव में मात्र आवेदन-पत्र के प्रिव्यू को आवेदन सबमिट होना नहीं माना जाएगा।

इसके साथ ही आयोग द्वारा प्रथम घोषित परीक्षा तिथि से 60 दिवस पूर्व 7 दिन के लिए ऑनलाइन एडिट के लिए विकल्प खोला जाएगा। इसके अंतर्गत अभ्यर्थी के फोटो, नाम, पिता के नाम, जन्मतिथि व लिंग के अतिरिक्त अन्य संशोधन किए जा सकेंगे।

आवेदन-पत्र को प्रत्याहरित करने का विकल्प ऑनलाइन आवेदन-पत्र की अनुमत संशोधन तिथि तक उपलब्ध होगा।




### नोटिस के बाद भी नहीं आए तो होंगे अयोग्य

आयोग की ओर से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जारी विचारित सूची के अनुसार काउंसलिंग कार्यक्रम व संवीक्षा परीक्षाओं के परिणाम के बाद अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन-पत्र प्राप्त किए जाते हैं। इसके लिए निर्धारित की गई अवधि में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं। अवधि समाप्त होते ही ऐसे अभ्यर्थियों को अविलम्ब व्यक्तिगत नोटिस जारी कर एक और अवसर दिया जाएगा। नोटिस जारी करने की तिथि को अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। पुनः दिए गए इस अवसर के संबंध में उचित माध्यमों से सूचित करने उपरांत भी उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# बेहद जरूरी है ऊंटों का उन्नयन और संरक्षण



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र लेखक

रेगिस्तान के जहाज(द शिप ऑफ डेजर्ट) के नाम से जाना जाने वाला, राजस्थान का राज्य पशु(ऊंटों के संरक्षण के लिए राजस्थान सरकार ने इसे साल 2014 में राज्य पशु का दर्जा दिया था) कहलाने वाला तथा राजस्थान की आन-बान और शान समझा वाला, स्तनधारी पशुओं में जिराफ़ के बाद दूसरे नंबर पर आने वाला एवं राजस्थान की जीवनरेखा समझा जाने वाला पशु ऊंट का अस्तित्व भी दिन-ब-दिन खतरे में पड़ता जा रहा है। यह बात कहने में कोई संदेह नहीं होगा कि राजस्थान की पहचान माने वाले ऊंट भविष्य में हो सकता है कि सिर्फ किताबों और चित्रों, इंटरनेट व कल्पनाओं में ही आने वाली पीढ़ियों को नजर आएं। जानकारी देना चाहूंगा कि थार के मरुस्थल की पाकिस्तान से लगती पश्चिमी सीमा में बॉर्डर गार्डिंग ऊंटों के जरिए होती है,लेकिन यह बहुत ही संवेदनशील है कि आज रेगिस्तानी जहाजों की संख्या लगातार घट रही है।

सभी को यह विदित ही है कि राजस्थान में ऊंट की अपनी विशेष उपयोगिता व पहचान रही है और राजस्थान में पशुपालन में इसका विशेष स्थान रहा है। पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में ऊंट आवागमन ही नहीं बल्कि खेती और दूध और आपूर्ति का भी प्रमुख साधन रहा है। राजस्थान ही नहीं संपूर्ण देश में आज ऊंटों की संख्या तेजी से घट रही है। जानकारी के अनुसार गत 47 सालों में साढ़े आठ लाख ऊंट कम हुए हैं। यह बहुत ही संवेदनशील और गंभीर है कि देश के कई राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में तो ऊंटों की संख्या शून्य हो गई है।

इसमें आंध्र प्रदेश, झारखंड, सिक्किम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, चंडीगढ़, अंडमान, लक्ष्यदीप, दादरा नगर हवेली और दमन व दीव शामिल है।नहरी तंत्र के विस्तार से चारागाहों में कमी होना, ऊंटों के परम्परागत चारा-नीरा, फूस और फळगटी कम होने से इनकी कीमत का बढ़ना,कृषि का आधुनिकीकरण व मशीनीकरण होने से ऊंटों की उपयोगिता कम होना, परिवहन में वाहनों का इस्तेमाल करना, बदलते परिवेश के कारण तो कभी ऊंटों में त्वचा संबंधी मेंज बीमारी व अन्य बीमारियों के कारण, ऊंटों की तस्करी आदि के कारण भी ऊंटों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। बढ़ते विकास के कारण एवं चारे-पानी की कमी के कारण पशुपालकों का ऊंट पालन के प्रति मोह भंग होने लगा है। आज सीमा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ चुका है, इसके कारण ऊंटों की इतनी आवश्यकता नहीं रही और पशुपालक इसे पालने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे और इन्हें खुले में छोड़ देते हैं।सीमा क्षेत्र में हालांकि सड़कों का जाल बिछा हुआ है। इसके कारण ऊंटों की इतनी आवश्यकता नहीं है,सच तो यह है कि आज समय के साथ ऊंटों की उपयोगिता कम होने के कारण भी पशुपालकों ने ऊंट से मुंह मोड़ना शुरू कर दिया है। पर्यटन के क्षेत्र में भी आज ऊंटों का इस्तेमाल उतना नहीं किया जाता है, जितना कि पहले किया जाता था, क्यों कि पर्यटन में भी आजकल वाहनों का इस्तेमाल होने लगा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज ऊंटों की संख्या कम होने का सबसे बड़ा कारण इसका परिवहन व खेती में उपयोग नहीं के बराबर या बहुत ही होना है। पर्यटन के क्षेत्र में जैसलमेर, जोधपुर के अलावा पश्चिमी राजस्थान में कहीं ऊंट का उपयोग पर्यटन क्षेत्र में आज नहीं हो रहा है। आज कैमल सफारी के आयोजनों में पहले की तुलना में काफी कमी आई है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में वर्ष 2012 में ऊंटों की संख्या 3.26 लाख थी, जो घट कर 2.13 लाख रह गई है। राजस्थान के अलावा गुजरात, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी ऊंट पाए जाते हैं, लेकिन सभी जगह ऊंटों की संख्या में गिरावट आई है। यह दुखद है कि राज्य पशु ऊंट के वध पर निषेध के बावजूद भी इसकी तस्करी जारी है। चोरी छिपे आज ऊंटों को (तस्करी कर) आज बूचड़खानों में ले जाया जा रहा है।

> *वर्तमान में देश में करीब ढाई लाख ऊंट हैं। इनमें से 2.12 लाख ऊंट राजस्थान में है, जो कुल ऊंटों का 85% है। यह भी विदित हो कि वर्ष 1983 में राज्य में 7.56 लाख ऊंट थे, जो लगातार घटते चले जा रहे हैं। एक अन्य आंकड़े की बात करें तो इसके अनुसार 1951 में कुल पशुधन के 1.34 प्रतिशत ऊंट थे, जो 2019 में 0.37 प्रतिशत रह गए हैं।*

विगत दशकों में राज्य पशु ऊंट की घटती संख्या चिंता का विषय बनी हुई है। वास्तव में,इसके सामाजिक व आर्थिक पक्ष भी है और इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव उन सामाजिक समूहों पर पड़ा है जिनकी आजीविका का आधार पशुपालन व पशुचारण रहा है।आज से लगभग चार दशक पहले देश में 11 लाख से अधिक ऊंट (नर व मादा) थे, जो वर्ष 2019 में घटकर ढाई लाख रह गए। जानकारी देना चाहूंगा कि 20 वीं पशु गणना के अनुसार 1.70 लाख ऊंटनी की तुलना में केवल 80 हजार ऊंट थे। संवेदनशील है कि पशुपालन विभाग द्वारा पशुगणना 2012 की तुलना 2019 में ऊंटों की संख्या में 34.69 फीसदी कमी हुई है। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि देश में 2019 की गणना के अनुसार पशुधन की संख्या में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यहां यह बात गौर करने लायक है कि राजस्थान में पशुधन में 1.66 फीसदी की गिरावट आई है और इनमें ऊंट भी हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1977 में 11 लाख, 1982 में 10 लाख 80 हजार, 1987 में 10 लाख, 1992 में 10 लाख 30 हजार, 1997 में 9 लाख 10 हजार, 2003 में 6 लाख 30 हजार, 2007 में 5 लाख 20 हजार, 2012 में चार लाख, 2019 में की 2 लाख 50 हजार रह गए हैं। अंत में यही कहूंगा कि ऊंट राजस्थान का राज्य पशु है इसके उन्नयन एवं संरक्षण की महत्ती आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अदालतों की अपनी सीमा... काम तो संसद और सरकार को ही करना होगा

# आरक्षण की रेवड़ी आखिर कब तक?



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ के न्यायाधीशों की भी कोई सीमा है। वह जो भी निर्णय करेंगे वह कानून के दायरे में ही होगा। हां उनके सुझावों पर अमल का काम संसद और सरकार ही कर सकती है और ऐसे मसले पर फैसला सरकार अपने राजनीतिक लाभ-हानि के मद्देनजर ही करेगी। यह मसला इतना आसान नहीं है क्योंकि आरक्षण की सुविधा पाई जमात से वापस लेना बहुत बड़े विरोध का कारण बनेगा, इसमें दो राय नहीं।*

देश में आरक्षण पर एक बार फिर से बहस छिड़ गयी है। इस पर सभी का ध्यान आकर्षित होना स्वाभाविक है। इसके पीछे बीते दिनों देश की सर्वोच्च अदालत की सात जजों की पीठ का वह कथन है जिसके तहत यह कि भारतीय संविधान यह नहीं कहता कि हाशिए पर रहने वाले समूहों के लोग अक्षम हैं, जबकि दूसरे समूहों के लोग सक्षम। पीठ का यह भी कहना है कि एससी/ एसटी यानी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण सुसंगत है। असलियत तो यह है कि उन्हें आरक्षण की बेहद जरूरत है। इसको आने वाले दशकों तक बनाए रखने में ही समाज का हित है। लेकिन यहां विचारणीय यह है और महत्वपूर्ण भी है कि सर्वोच्च न्यायालय ने जिस ओर इशारा किया है, उस पर कदम उठाना भले आसान नहीं लगता हो लेकिन उसपर विचार तो अवश्य ही किया जा सकता है। सच तो यह है कि इस मुद्दे पर विचार जरूर किया जाना चाहिए।

वैसे यहां यह भी कम महत्वपूर्ण नहीं है, फिर यह नया भी नहीं है और यह सवाल आबादी के बहुत बड़े तबके द्वारा अक्सर उठाया भी जाता रहा है कि जिन लोगों को पिछले सत्तर सालों से आरक्षण का भरपूर लाभ मिलता रहा है, उनको अब यह लाभ नहीं मिलना चाहिए और इसका लाभ अब दूसरे वंचित तबकों को मिले। यही न्याय संगत होगा। अब सवाल यह उठता रहा है कि क्या अब वह तबके या जातियां जो बीते 70 सालों से यह लाभ उठा रही हैं, गौरतलब यह भी कि अब तो उनकी चौथी पीढी भी इसका लाभ ले रही है, क्या वह आरक्षण का लाभ छोड़ने का साहस दिखाएंगे। क्योंकि सात दशक में तो उनका समुन्नत विकास हो ही चुका है। सामाजिक ही नहीं, आर्थिक और राजनैतिक भी। यही नहीं इस दौरान उनकी तीन पीढ़ियां भी इसका लाभ उठाकर समाज में खुद को एक नए वर्ग के तौर पर स्थापित भी कर चुकी हैं। हकीकत यह है कि इसके बावजूद भी यह संपन्न नया वर्ग आरक्षण का लाभ छोड़ने को तैयार नहीं है। जबकि ऐसे लोगों को स्वतः ही ऐसा कदम उठाकर दूसरे पिछड़े लोगों के विकास हेतु मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। बस यहीं आकर पेच फंस जाता है। विचार की बात तो दीगर है, यहां आकर इस मुद्दे पर चर्चा तक करना कोई नहीं चाहता।




यहां इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि देश के प्रधान माननीय न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पीठ ने यह महत्वपूर्ण सवाल उठाया है लेकिन इसपर फैसला इतना आसान नहीं हैं। उस दशा में जबकि सरकारें हर फैसला अपने हित-लाभ की दृष्टि से करती हों। फिर यह सवाल तो उनके वोट बैंक से जुडा है जिसके चलते आजादी के बाद दस साल के लिए किया गया आरक्षण बीते 70 सालों से जारी है और सरकारें अपने स्थायित्व की खातिर दूसरे वंचित तबकों/जातियों जिनकी आबादी के हिसाब से बहुत कम संख्या बल है और जो आरक्षण के लाभ से पिछले 70 सालों में सदा वंचित रही हैं,को इस लाभ से लगातार दूर रखने के षडयंत्र में अहम भूमिका अदा करती रही हैं। इसके पीछे आरक्षण का लाभ ले रही जातियों का संख्याबल है जो सरकारों के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि सामाजिक न्याय की दृष्टि से देखें, तो देश में न केवल सामाजिक न्याय की बात करने वाले लोगों की कमी है बल्कि सामाजिक न्याय के पुरोधाओं की भी कमी नहीं रही है और तो और ऐसे लोग समय समय पर देश की सत्ता पर भी काबिज रहे हैं लेकिन कितने दुख की बात है कि किसी ने इस बाबत आवाज उठाना तो दूर और आरक्षण के लाभ से वंचित तबकों, उपेक्षित जातियों के हित में कोई प्रयास तक नहीं किया। ऐसा लगता है कि वे लोग यह मान बैठे थे कि आरक्षण तो उनका ही जन्म सिद्ध अधिकार है। संख्या बल के आधार पर उनसे कमतर जातियां तो उनके रहमोकरम पर हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोडो न्याय यात्रा में आबादी के अनुपात के हिसाब से प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठा रहे हैं। यदि आबादी के हिसाब से समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलता है तो इसमें बुराई क्या है? क्या यह न्यायसंगत नहीं है? क्या इससे हम एक आदर्श सामाजिक व्यवस्था नहीं बना सकेंगे? राहुल गांधी भी तो यह कहते हैं कि देश की बडी-बडी कंपनियों, कल-कारखानों में शिक्षण संस्थानों, अदालतों और अस्पतालों आदि में दलितों, आदिवासियों, पिछडों, अन्य पिछड़े वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। क्या यह सही नहीं है? यह आज समय की मांग है कि सभी वर्गों को पर्याप्त अधिकार मिलें और वे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। इस हिसाब से सभी जातियों को आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर जिसकी जितनी हिस्सेदारी हो, अलग-अलग आरक्षण मिले।

यहां हमें यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि देश की आजादी के बाद के सात दशक के इतिहास में आरक्षण में यदि कुछ जातियां आरक्षण से बिल्कुल वंचित रही हैं तो उसके लिए हमारा सिस्टम ही जिम्मेदार है, इसमें तंत्र की अहम भूमिका है, देश का सवर्ण समाज इसके लिए कतई दोषी नहीं है। दरअसल आरक्षण के बलबूते जो जातियां सामाजिक, आर्थिक और तो और राजनैतिक विकास भी कर चुकी हैं, उन्हें आरक्षण की सीमा से बाहर करने का सवाल नया नहीं है। समाजवादी चिंतक और प्रख्यात संसदविद मधु लिमये ने आज से तीन दशक से भी पहले यह सवाल उठाया था। आज सर्वोच्च न्यायालय की पीठ के एक सदस्य ने भी पंजाब के महाधिवक्ता से सवाल पूछा है कि क्या राज्य सरकार एससी/एसटी वर्ग के भीतर कुछ उन उपजातियों को आरक्षण के लाभ के दायरे से बाहर रखने के पक्ष में है, जो बेहतर प्रदर्शन करते हुए बराबरी पर आ गईं हैं। ऐसे लोगों को आरक्षण की सीमा से बाहर आकर जो लोग पिछड़ों में भी पिछड़े हैं, उनको आरक्षण मिले, इसके लिए आवाज बुलंद नहीं करनी चाहिए? जबकि पीठ के एक अन्य सदस्य का कहना था कि एक विशेष पिछड़े वर्ग के अंदर जब कुछ जातियां एक निश्चित स्थिति तक पहुंचकर अगड़ी जातियों के बराबर पहुंच जाती हैं, तो उस दशा में उनको आरक्षण के लाभ से बाहर निकल जाना चाहिए। असलियत तो यह है कि एक बार फिर संविधान का कोई अनुच्छेद संशोधन मांग रहा है जिससे आरक्षण का लाभ ले चुके समाज की जगह असली गरीबों/पिछडों को उनका हक मिले। वैसे हमें यह भी कदापि नहीं भूलना चाहिए कि सन 1992 में आरक्षण की सीमा को लेकर किए फैसले में सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा था कि सरकार 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण नहीं दे सकती और यदि वो ऐसा करती हैं या आरक्षण की सीमा पार करने की कोशिश करती हैं तो वह कानूनी जांच के दायरे में होगी। विडम्बना यह है कि मौजूदा दौर में कुछ सरकारें या राजनैतिक दल आरक्षण की सीमा लगातार बढाने की न केवल मांग कर रहे हैं बल्कि अपने प्रभाव वाले राज्यों में लागू करने की भी कोशिश में हैं। ऐसी स्थिति में क्रीमी लेयर जो आरक्षण के विस्तार में ही समाधान खोजने के पक्षधर हैं, को आरक्षण छोड़ने के लिए तैयार कर पाना जहां टेडी खीर है, वहीं आरक्षण को वंचित वर्गों की बडी आबादी को दे पाना भी उतना आसान नहीं है जितना समझा जा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# बॉन्ड विद द बेस्ट इलेक्शन बॉन्ड क्या है?



एकता शर्मा
व्यंग्यकार

बॉन्ड विद द बेस्ट 007 जी नहीं, आज हम जेम्स बॉन्ड की बात नहीं कर रहे। ना ही श्रीश्री 108 महाराज की। आज बात हो रही है, भ्रष्टाचार, ब्लैक मनी को समाप्त करने के लिए लाए जाने वाले इलेक्शन इलेक्टोरल Electoral bond बॉन्ड की, शास्त्रों में दान, वह भी गुप्त दान का अपना महात्मय है। आज दान के अनेक रूप सामने आ रहे हैं। सोशल मीडिया तो जैसे दानदातोंओं की फोटो से भरा ही रहता है। गाहे-बखारे अस्पताल में एक मरीज को कंबल या फ्रूट देते हुए 10 लोग साथ में फोटो खिंचवाते नजर आएंगे। किसी गरीब बच्चे को उपहार देते हुए 20 लोग साथ में फोटो खिंचवाएंगे।


कॉलोनी में गए तो कुत्तों को रोटी देते हुए फोटोशूट करवाएंगे। जब यहां इतनी प्रसिद्धी, ख्याति मिल रही है तो फिर वह कौन लोग हैं जो दान इलेक्टोरल बान्ड को गुप्त रखना चाहते हैं? अवश्य ही वे बहुत दानवीर कर्ण या कंपनी होल्डर होंगे जो दान को गुप्त रखना चाहते हैं। समाचार पत्र पढ़, चतुर सिंह ने पूछ ही लिया, आखिर यह इलेक्टोरल बॉन्ड होता क्या है? जिसकी चर्चा चारों तरफ हो रही है। क्या यह बीपी लॉ होने पर पीने वाला इलेक्ट्रोल है? नहीं -नहीं ऐसा तो नहीं हो सकता, समाचारों में तो इसके मेडिकल स्टोर की बजाय एसबीआई में मिलने की चर्चाएं हो रही है। इसका मतलब यह कुछ और है? यही सोच चतुर सिंह ने अपने पुत्र से जिज्ञासा वश पूछा; बेटा यह इलेक्टोरल बॉन्ड होता क्या है? चतुर सिंह के पुत्र इन दिनों कंपटीशन एग्जाम की तैयारी में जुटे हैं।

ऐसे में समसामयिक विषयों पर उनकी पकड़ अच्छी है। उन्होंने अपने पिता को कुछ यूं समझाया, पिताजी यह गुप्त दान गुप्त कॉरपोरेट किंग मेकर सैयद बंधुओं द्वारा जारी किया जाता है। जिन्हें राजनीति की परिभाषा में दबाव समूह कहते हैं। यह भी कुछ-कुछ दल बदलू की तरह ही होते हैं, किंतु इन पर अधिनियम नहीं बनते हैं। हां, कंपनी एक्ट के माध्यम से इन्हें टैक्स में छूट मिल जाती है, जिसका यह भरपूर सदुपयोग करते हैं।

आपको पता है पिताजी इलेक्टोरल बॉन्ड मुझे तो इलेक्ट्रॉन की तरह लगते हैं। जिन पर ऋणात्मक आवेश होता है। यह राजनीति के केंद्र के नाभिक के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। राजनीति के रसायन शास्त्र को पूरा करने में सबसे बड़ा योगदान इन्हीं का होता है पिताजी आजकल। अच्छा बेटा ऐसा होता है, तब तो मुझे इस पर एक वीडियो बनाना चाहिए। सोशल मीडिया पर उसे अपलोड कर देना चाहिए। चतुर सिंह ने ऐसे ही किया। तत्काल उसका यूट्यूब पर अकाउंट ब्लॉक हुआ। उधर बेटे ने कहा; पापा आपका तो सिर्फ यूट्यूब पर अकाउंट ब्लॉक हुआ। मेरा तो एसबीआई में खाता ही फ्रीज हो गया। हमारे पड़ोसी ने हमारी पूरी बात सुन ली और जाकर दूसरी पार्टी से शिकायत कर दी। अब सुप्रीम कोर्ट हमें भी जाना होगा! अपना फ्रीज अकाउंट खुलवाना होगा। पिता बोले- तेरा फ्रीज अकाउंट कहीं नहीं जाएगा। यह तो यूट्यूब पर खूब छाएगा। देखना इस बार मैं अगला वीडियो इसी पर बनाऊंगा। टीआरपी की बारिश फिर मैं भी लाऊंगा। खूब सारे लाइक, शेयर कमेंट पाऊंगा। सोशल मीडिया पर पैरेलल सरकार चलाऊंगा, तभी फोन की घंटी बजी। उधर से आगामी लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजी। सीट आवंटित हुई तो चतुर सिंह भी मुस्कुराए। वाह, सुप्रीम कोर्ट में ही नहीं सोशल मीडिया में भी बहुत है दम, चलो आज पता चला। हम भी किसी से नहीं है कम।

## असंख्य मतभेदों के बावजूद, एकता का एक अंतर्निहित धागा

# भारत विविधता और सद्भाव की एक पच्चीकारी



वीर कपूर
स्वतंत्र लेखक

> *भारत अपनी चुनौतियों से रहित नहीं है। तीव्र आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद, इसके लाखों नागरिक अभी भी गरीबी, असमानता और सामाजिक अन्याय से जूझ रहे हैं।*

भारत, जिसे अक्सर इंडिया कहा जाता है, केवल एक भौगोलिक इकाई से कहीं अधिक है; यह संस्कृतियों, परंपराओं और दर्शन का एक बहुरूपदर्शक है जो सहस्राब्दियों से विकसित हुआ है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर हिंद महासागर के धूप से चूमते तटों तक फैला भारत, परिदृश्यों, भाषाओं और रीति-रिवाजों की एक समृद्ध टेपेस्ट्री का दावा करता है जिसने सदियों से दुनिया को मोहित किया है। जो चीज भारत को अलग करती है, वह विविधता को अपनाने और उसके बीच एकता खोजने की क्षमता है। विभिन्न जातियों, धर्मों और भाषाई समूहों से संबंधित 130 करोड़ से अधिक लोगों के साथ, भारत बहुलवाद की सुंदरता का उदाहरण है। मौजूद असंख्य मतभेदों के बावजूद, एकता का एक अंतर्निहित धागा है जो देश को एक साथ बांधता है। भारत के हृदय में उसकी प्राचीन सभ्यता निहित है, जिसने विश्व पर अमिट छाप छोड़ी है। प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर मौर्य, गुप्त और चोल के महान साम्राज्यों तक, भारत सभ्यता का उद्गम स्थल और ज्ञान, नवाचार और आध्यात्मिकता का प्रतीक रहा है। गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा और दर्शन में इसके योगदान ने मानव इतिहास की दिशा को आकार दिया है।



इसके अलावा, भारत की सांस्कृतिक विरासत इसके जीवंत अतीत और गतिशील वर्तमान का प्रमाण है। चाहे वह भरतनाट्यम, कथक या ओडिसी के शास्त्रीय नृत्य हों, हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत के मधुर राग हों, या इसके वस्त्रों और हस्तशिल्प की जटिल शिल्प कौशल हो, भारत की सांस्कृतिक टेपेस्ट्री जितनी विविध है उतनी ही मंत्रमुग्ध करने वाली भी है। हालांकि भारत अपनी चुनौतियों से रहित नहीं है। तीव्र आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद, इसके लाखों नागरिक अभी भी गरीबी, असमानता और सामाजिक अन्याय से जूझ रहे हैं। लैंगिक असमानता, जातिगत भेदभाव और पर्यावरणीय गिरावट जैसे मुद्दे देश की प्रगति में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा कर रहे हैं। फिर भी, भारत का लचीलापन और नवप्रवर्तन की भावना निर्विवाद है। अपने बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण में नेतृत्व तक, भारत 21वीं सदी में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने के लिए तैयार है। इसके अलावा, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान जैसी पहल समावेशी विकास और सतत विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, भविष्य के अवसरों और चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोना और संरक्षित करना अनिवार्य है। समावेशिता, सहिष्णुता और प्रगति की भावना को बढ़ावा देकर, भारत वास्तव में दुनिया के लिए आशा और प्रेरणा की किरण के रूप में अपनी नियति को पूरा कर सकता है। निष्कर्षतः, भारत केवल एक देश नहीं है; यह लचीलेपन, विविधता और सद्भाव की एक कालातीत गाथा है। जैसे-जैसे यह समृद्धि और ज्ञानोदय की ओर अपनी यात्रा जारी रखता है, आइए हम भारत की समृद्ध टेपेस्ट्री का जश्न मनाएं और जीन के लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करने का प्रयास करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। पिछली बार 700 से अधिक किसानों का बलिदान लेकर ही माना था मोदी का अहंकार।



**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah
छत्तीसगढ़ की जनता ने बीते विधानसभा चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास दिखाकर भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाया। कल छत्तीसगढ़ में संगठन के कार्यकर्ताओं व प्रदेश के बहनों-भाइयों से संवाद करूंगा।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी: एक मंच पर नजर आएंगे राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई दिग्गज नेता

# ताकत दिखाने की तैयारी में महागठबंधन, 3 मार्च को पटना में महारैली

**एजेंसी** | पटना

बिहार में नीतीश कुमार नीत राजग सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद अब विपक्षी महागठबंधन ने अपनी सियासी ताकत दिखाने की तैयारी कर ली है। लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले महागठबंधन की ओर से पटना के गांधी मैदान में 3 मार्च को 'जन विश्वास महारैली' का आयोजन होगा। यह आयोजन वस्तुतः भाजपा व जदयू के गठबंधन के लिए ललकार होगा।

महागठबंधन के नेताओं ने बुधवा को पटना में संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में रैली के आयोजन की घोषणा की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि इस महारैली में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, नेता , कांग्रेस नेता राहुल गांधी, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्या, भाकपा के वरिष्ठ नेता डी. राजा, माकपा के वरिष्ठ नेता सीताराम येचूरी सहित सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

वहीं, राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी ने कहा कि जिस प्रकार विश्वासघात किया गया है, बिहार की जनता परिवर्तन चाहती है, यह परिवर्तन की महारैली होगी। प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि पूरा बिहार इंडिया गठबंधन के साथ है, सभी 40 सीट पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। प्रेस कांफ्रेंस को वाम दलों के नेताओं ने भी संबोधित किया और महारैली के आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार ने जनता के हितों में विकास कार्यो को हर स्तर पर आगे बढ़ाया। इसके पूर्व महागठबंधन के घटक दलों की पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। इस बैठक में तीन मार्च को जन विश्वास महारैली के आयोजन का निर्णय लिया गया।



### 17 महीने बनाम 17 वर्ष के कार्य होगा मुद्दा

सिंह ने बताया कि लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए महारैली का आयोजन होगा। महारैली में महंगाई व बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर आक्रोशित जनता को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि महारैली में करीब दस लाख लोग शामिल होंगे। महारैली में बिहार में 17 माह बनाम 17 साल के कार्यों के साथ-साथ जातीय गणना, आरक्षण की व्यवस्था 75 प्रतिशत किए जाने सहित अन्य मुद्ददों पर चर्चा की जाएगी।

### विधानसभा उपाध्यक्ष हजारी ने दिया इस्तीफा

**पटना।** बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष और जदयू नेता महेश्वर हजारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही अटकलों को बाजार भी गर्म हो गया है। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, हजारी का इस्तीफा 21 फरवरी की दोपहर से ही मान्य कर लिया गया है। बता दें कि महेश्वर हजारी दो बार के विधायक हैं। वह आरक्षित कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार के विधायक चुने गए थे। जदयू नेता हजारी मार्च 2021 से विधानसभा में डिप्टी स्पीकर का पद संभाल रहे थे।प्रदेश के सियासी गलियारों में ऐसी अटकलें हैं कि महेश्वर हजारी को एक बार फिर से नीतीश कैबिनेट में जगह मिल सकती है।

## जरूरी खबर

### देश के लिए काम करने वालों का देंगे साथ: कमल हासन



**चेन्नई।** अभिनेता-राजनेता कमल हासन ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी एमएनएम के राजनीतिक गठबंधन पर चर्चा चल रही है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह ऐसे किसी भी गुट का समर्थन करेंगे जो निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र के बारे में सोचेगा लेकिन सामंती राजनीति का हिस्सा बनने से परहेज करेगा। कमल हासन ने अपनी पार्टी मक्कल निधि मय्यम की 7वीं वर्षगांठ समारोह के बाद संवाददाताओं बातचीत के दौरान तमिल अभिनेता विजय के हाल में राजनीति में प्रवेश का स्वागत किया। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होने पर कमल हासन ने कहा, मैंने पहले ही कहा है, यह वह समय है जब आपको दलगत राजनीति को खत्म करना होगा और राष्ट्र के बारे में सोचना होगा।

### सपा: योगेंद्र तोमर का राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा

**अलीगढ़** । स्वामी प्रसाद मौर्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के पार्टी छोड़ने के बाद सपा को एक और बड़ा झटका लगा है। सपा के राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र पाल सिंह तोमर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेज दिया है। तोमर को 28 जून 2023 को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था। तोमर ने अखिलेश को लिखे पत्र में कहा है कि अब तक की राजनीति पांच बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के साथ ही की है। अब वह सपा से अलग हो गए, ऐसे में उनके लिए भी पार्टी के साथ रहने का कोई औचित्य नहीं हैं। पार्टी में अल्पसंख्यकों के साथ ही सामान्य और पिछड़े वर्ग की अनदेखी हो रही है।

### UP में सीटों का बंटवारा: कांग्रेस 17 व सपा 63 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

# रंग लाए प्रियंका के प्रयास, बन गई राहुल-अखिलेश की जोड़ी

## ■ एमपी में भी बनी बात: सपा को मिली खजुराहो सीट

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में जारी तनातनी पर विराम लग गया है। दोनों पार्टियों के बीच सीटों को लेकर सहमति बन गई है। कांग्रेस राज्य में 17 सीटों चुनाव लड़ेगी जबकि बाकी बची 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ेगी। सपा अपने कोटे से कुछ छोटे दलों को भी सीट दे सकती है। वहीं मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर सपा चुनाव लड़ेगी। सूत्रों के अनुसार दोनों दलों के बीच समझौते में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की अहम भूमिका रही है। सूत्रों के अनुसार दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवार को लेकर बढ़ती खींचतान के बीच प्रियंका ने मोर्चा संभाला और दोनों पक्षों को सहमति तक पहुंचाया।

प्रियंका गांधी ने ही राज्य में सीटों के बंटवारें को लेकर अखिलेश यादव से बातचीत शुरू की और भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी की सपा प्रमुख अखिलेश यादव से फोन पर बात कराई है। इस 'डील' के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस के साथ कोई विवाद नहीं है। अब साफ हो गया है कि उत्तर प्रदेश में में 7 साल बाद कांग्रेस और सपा दोबारा एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले 2017 में दोनों दल विधानसभा चुनाव में साथ आए थे।

लखनऊ में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि हम मिलकर लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस पूरे देश को जोड़ने का लगातार प्रयास कर रही है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि हम उनके प्रति आभार जताते हैं कि उनके प्रयासों से ही यह गठबंधन अंजाम तक पहुंचा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी सुविधानुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। इस मौके पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि गठबंधन में तय हुआ है कि उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। वहीं, 63 सीटों पर सपा के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस ने सपा को मध्य प्रदेश की खजुराहों सीट दी है।







### भाजपा को हटाने के संकल्प के साथ एकजुट हुए

सपा के नेता व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि हम भारत को बचाने के लिए और भाजपा को हटाने के लिए एक साथ आए हैं। आज किसान परेशान हैं। जवान परेशान हैं। लोकतंत्र खतरे में है। ऐसे में हम भाजपा को हटाने के लिए संकल्प लेकर एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से हटाने में सक्षम है। भाजपा ने जो वादे किए ठीक इसके विपरीत आचरण किया है। हमें भरोसा है कि देश में फैले अन्याय को दूर करने में ये गठबंधन कामयाब रहेगा। संयुक्त प्रेसवार्ता में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी उपस्थित रहे।

### इन सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया।

### तमिलनाडु: महिला नीति घोषित

# रोजगार व राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन

**बेधड़क** | चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार 'महिलाओं के लिए राज्य की नीति-2024' जारी की। इस नीति का मकसद रोजगार और राजनीति में महिलाओं की भागदारी को प्रोत्साहित करना है, ताकि महिलाओं के कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके।

इस नीति में महिलाओं के आत्म-सम्मान के साथ जीने के लिए जीने के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और आदर्श माहौल बनाने की बात कही गई है। इसके अलावा, नीति में उनकी स्थिति में सुधार करके उनकी छिपी व अनदेखी प्रतिभाओं को बाहर समाज में लाने की परिकल्पना की गई है। नीति में अर्थव्यवस्था और राजनीति में महिलाओं के साथ शक्ति साझा करने की भी परिकल्पना की गई है।

यह दस्तावेज राज्य के समाज कल्याण और महिला सशक्तीकरण विभाग ने तैयार किया। मुख्यमंत्री स्टालिन ने सचिवालय में इसका विमोचन किया। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास का अनुमान महिलाओं के विकास से ही लगाया जा सकता है। इस मौके पर समाज कल्याण एवं महिला सशक्तीकरण मंत्री पी गीता जीवन, मुख्य सचिव शिवदास मीणा, समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण विभाग की सचिव जयश्री मुरलीधरन और समाज कल्याण आयुक्त वी अमुदवल्ली भी मौजूद थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, लैंगिक भेदभाव को खत्म करने, सुरक्षित माहौल बनाने और महिलाओं की स्थिति में सुधार करने के लिए तमिलनाडु सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों की योजना बनाई है।

### नीति के अहम बिंदु

- बालिकाओं के स्कूल छोड़ने की दर को कम करना
- किशोरियों और महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार
- रोजगार में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना
- सभी संगठित और असंगठित क्षेत्रों में महिला श्रमिकों के लिए सुरक्षित और अनुकूल कार्यस्थल सुनिश्चित करना
- महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे छोटे व्यवसायों का समर्थन

### मराठा आरक्षण आंदोलन: नहीं हो पा रही सहमति

# कुनबी मराठों के लिए जारी की गई अधिसूचना लागू की जाए: जरांगे

**एजेंसी** | मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे मनोज जरांगे पाटिल ने एक बार फिर महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को कुनबी मराठों के खून के रिश्तों वाले सदस्यों को लेकर मसौदा अधिसूचना दो दिनों के भीतर लागू करे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो समुदाय के लोग 24 फरवरी से राज्य भर में सड़क नाकाबंदी करेंगे। जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में मराठा समुदाय के सदस्यों की एक बैठक में जरांगे ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हिंसा का सहारा नहीं लेने पर जोर दिया। जरांगे यहां 10 फरवरी से भूख हड़ताल पर हैं।



### यह कहा गया है मसौदा अधिसूचना में

पिछले महीने राज्य सरकार द्वारा जारी मसौदा अधिसूचना के अनुसार, यदि किसी मराठा व्यक्ति के पास यह दिखाने के लिए सबूत है कि वह कुनबी जाति से है, तो उस व्यक्ति के रक्त संबंधियों को भी कुनबी के रूप में मान्यता दी जाएगी। कुनबी ओबीसी श्रेणी में आते हैं और उन्हें आरक्षण का लाभ मिलता है।

जरांगे ने दावा किया कि मराठा समुदाय को 10 फीसदी आरक्षण देने वाला विधेयक कानूनी समीक्षा में टिक नहीं पाएगा।

### राजभर का यूपी में तीन, बिहार में दो सीटों पर दावा

**मऊ(उत्तर प्रदेश)।** राजग की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश की तीन और बिहार की दो लोकसभा सीटों पर अपना दावा ठोका है। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने मऊ में कहा कि हमने राजग में तीन सीटों की मांग की है। हमें अगर यह सीट मिलती है तो अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा करेंगे। राजभर ने कहा कि हमारी मांग बिहार में भी दो सीटों पर चुनाव लड़ने की है। साथ ही, उन्होंने जल्द ही योगी मंत्रिमंडल के विस्तार और उसमें अपने मंत्री बनाए जाने की भी बात कही।

### विधायकों की अयोग्यता का मामला

# HC का स्पीकर को नोटिस जारी

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में शरद पवार खेमे के 10 विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले को अजित पवार नीत गुट ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। अजित खेमे की याचिका पर हाईकोर्ट ने नार्वेकर को नोटिस जारी किया है।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के मुख्य सचेतक अनिल पाटिल ने स्पीकर के फैसले को चुनौती देते हुए दो याचिकाएं दायर की थीं।

न्यायाधीश जी एस कुलकर्णी और न्यायाधीश फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय को भी नोटिस जारी किया और सभी प्रतिवादियों को याचिकाओं पर अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया।



साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 मार्च की तारीख तय की है। पाटिल ने अपनी याचिकाओं में उच्च न्यायालय से अध्यक्ष के हालिया आदेश को कानून की नजर में गलत घोषित कर उसे रद्द करने और सभी 10 विधायकों को अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया है।

पाटिल के वकील मुकुल रोहतगी ने बुधवार को अदालत से कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने जो निष्कर्ष दिए हैं, वे अजित पवार के पक्ष में हैं। सिर्फ एक फैसला उनके खिलाफ है, जिसमें शरद पवार के खेमे के 10 विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया गया था।

### पीएम का मिशन तमिलनाडु: दो दिवसीय दौरा 27-28 फरवरी को, प्रदेश को देंगे करोड़ों की सौगात

# द्रमुक की किलेबंदी को भेदने के लिए भाजपा ने भी शुरू की व्यूह रचना

**एजेंसी** | चेन्नई

लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के सियासी किले को भेदने के लिए भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 व 28 फरवरी को प्रस्तावित दो दिवसीय यात्रा की तैयारी में जुटी है।

पीएम मोदी अपनी यात्रा के दौरान 28 फरवरी को तूतीकोरिन में करोड़ों रुपयों की कई नई परियोजनाओं का उद्घाटन कर तमिलनाडु को सौगात देंगे। लेकिन इसके पहले 27 फरवरी को तिरुपुर जिले में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी की यह जनसभा राज्य में भाजपा के चुनावी को आगे बढ़ाने के लिए अहम आयोजन है।

पीएम यहां से पार्टी के लिए चुनावी बिगुल फूंकेंगे। भाजपा इस बार 370 सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही है और इसके लिए उसे दक्षिणी राज्यों में जोरदार सफलता चाहिए। पार्टी की राज्य की सात सीटों पर खासतौर पर नजर टिकी हुई ह। वहीं, राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक कांग्रेस के साथ मिलकर अभेद्य किलेबंदी की तैयारी कर रही है। द्रमुक ने कांग्रेस को द्रमुक ने कांग्रेस को लोकसभा के चुनाव में सात सीटें देने की पेशकश की है। कांग्रेस ने तमिलनाडु में द्रमुक से 16 सीटों की मांग की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने तमिलनाडु की नौ सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन द्रमुक ने कांग्रेस को स्पष्ट कर दिया किया वह उसे सात से अधिक सीट नहीं दे पाएगी। द्रमुक नेताओं का चुनावी रणनीति को लेकर यह मानना है कि पार्टी को कांग्रेस को चुनिंदा सीटों तक ही सीमित रखना चाहिए क्योंकि जमीन पर द्रमुक की ताकत है। द्रमुक के नेताओं को दावा है कि कांग्रेस के पास अब जमीनी ताकत नहीं है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन पार्टी की सियासी किलेबंदी मजबूत करने में जुटे हैं।





### भाजपा की मेरी भूमि, मेरे लोग पदयात्रा

दूसरी ओर अपने लिए सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई राज्य में 'एन मन, एन मक्कल' (मेरी भूमि, मेरे लोग) पदयात्रा पर हैं। करीब छह माह की यह पदयात्रा इसी महीने पूरी हो जाएगी। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए प्रधानमंत्री को न्योता भेजा गया है। यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा बड़ा सियासी संदेश देना चाहती है। सूत्रों के अनुसार तिरुपुर पल्लदम के पास मातापुर मुथुकुमारस्वामी पहाड़ी के पास 1000 एकड़ की जगह का चयन किया गया है, जहां 27 फरवरी को पीएम मोदी की एक सार्वजनिक जनसभा आयोजित की जाएगी। ऐसे में इस बैठक के लिए भाजपा इस समय जोरों-शोरों से तैयारी कर रही है।

### 28 को जाएंगे तूतीकोरिन

पीएम मोदी 28 फरवरी की सुबह हेलिकॉप्टर से तूतीकोरिन जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी बंदरगाह पर प्रशासनिक अधिकारी की ओर से आयोजित एक सरकारी समारोह में भाग लेंगे और नई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी इसी दिन कुलशेखरपट्टनम में नए रॉकेट लॉन्च साइट की आधारशिला का उद्घाटन करेंगे। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी 550 करोड़ रुपए की लागत से रामेश्वरम पंबन सागर के बीच में बने नए रेलवे फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। दो प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से पहले तूतीकोरिन में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बुधवार को सुरक्षा टीम ने उस हेलीपैड का निरीक्षण किया जहां प्रधानमंत्री पहुंचेंगे। तटरक्षक बल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को 24 घंटे समुद्र में गश्त करने का आदेश दिया गया है।

## जरूरी खबर

### 3000 करोड़ रुपए की म्याऊं-म्याऊं ड्रग्स बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब तक की सबसे बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद की है। ये दिल्ली नहीं पूरे भारत में सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। पुणे पुलिस ने हौजखास व कोटला मुबारकपुर इलाके से 970 किलोग्राम म्याऊं-म्याऊं ड्रग्स बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। इसमें अंतरराष्ट्रीय तस्करों के शामिल होने का शक है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने ड्रग्स मिलने की पुष्टि की है। ये ड्रग्स फूड पैकेट में डिलीवरी होती थी। स्थानीय भाषा में मेफेड्रोन को म्याऊं म्याऊं भी कहते हैं। ड्रग नेटवर्क के पीछे एक कूरियर एजेंसी शामिल है, जो प्रोसेस्ड फूड पैकेट में ड्रग्स सप्लाई करती थी। कुछ कूरियर लंदन भेजे गए थे।

### दिग्गज वकील फली एस नरीमन का निधन



**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज वकीलों में से एक फली एस नरीमन का बुधवार को निधन हो गया है। उन्होंने 95 की उम्र में अंतिम सांस ली। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी है। फली नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में बहस की, जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का प्रसिद्ध मामला भी शामिल था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। 10 जनवरी, 1929 को जन्मे नरीमन ने 1972 और 1975 के बीच अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में कार्य किया। उन्होंने आपातकाल के दौरान इस पद से इस्तीफा दे दिया। नरीमन को जनवरी 1991 में पद्म भूषण मिला और 2007 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनके बेटे रोहिंटन नरीमन, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश थे।

### भारत-चीन में सैन्य वार्ता, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत-चीन सीमा पर तनाव के बीच दोनों देशों में एक बार फिर उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता हुई। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास हुई सैन्य वार्ता में दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर सहमति जताई। भारत और चीन ने सोमवार को हुई उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता के दौरान एलएसी से सटे क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर जोर दिया। हालांकि, इस मामले के जानकार लोगों का कहना है कि सोमवार को हुई वार्ता में पिछले साढ़े तीन साल से अधिक गतिरोध वाले कई बिंदुओं पर पर समाधान के लिए कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाए गए हैं।

## नौसैन्य अभ्यास मिलन का उद्घाटन






*विशाखापत्तनम। रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह ने बुधवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास 'मिलन-24' के 12वें संस्करण के औपचारिक उद्घाटन किया। सिंह ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लोकतांत्रिक और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के इस युग में सामूहिक रूप से शांति की आकांक्षा करने का आह्वान किया।*

## बंगाल के मुख्य सचिव व DGP को भेजा नोटिस




**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में उत्पीड़न, हिंसा और महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा आयोग ने मौके पर जाकर जांच करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में अपनी टीम संदेशखाली भेजने का भी निर्णय लिया है। पश्चिम बंगाल को रिपोर्ट में बताना होगा कि उसने दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है। यह भी बताना होगा कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोगों व महिलाओं का भरोसा जगाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे। साथ ही मुआवजा दिये जाने के बारे में भी रिपोर्ट में बताना होगा।

## ग्रीस के प्रधानमंत्री की पीएम मोदी के साथ वार्ता

# द्विपक्षीय व्यापार व सैन्य सहयोग बढ़ाने पर भारत और ग्रीस राजी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत और ग्रीस(यूनान) ने द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना करने तथा दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को भी बढ़ाने पर सहमति जताई है। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरिकोस मित्सोटाकिस की पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ शीर्षस्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। दोनों नेताओं के बीच वार्ता के दौरान समग्र रणनीतिक सहयोग के विस्तार पर प्रमुखता से चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष, फार्मा, नौवहन, संचार, रक्षा, कृषि, समुद्री और हवाई सम्पर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ग्रीक प्रधानमंत्री रायसीना डायलॉग में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा पर हैं। मित्सोटाकिस 16 वर्षों बाद भारत आने वाले ग्रीस के पहले पीएम हैं। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में भारत और ग्रीस से द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हुए हैं। पीएम मोदी और उनके समकक्ष किरिकोस मित्सोटाकिस के बीच एक वर्ष के भीतर यह दूसरी बैठक थी।

यूरोपीय देशों में अपने कारोबार व उत्पादों की पहुंच बनाने में जुटे भारत के लिए ग्रीस एक प्रमुख प्रवेश द्वार के तौर पर स्थापित हो सकता है। मोदी और मित्सोटाकिस के बीच दोनो देशों के बीच मोबिलिटी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने पर भी बात हुई ताकि वहां भारतीय कामगारों को बेहतर माहौल मिल सके। ग्रीस के प्रधानमंत्री के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारे बीच कई क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बात हुई है।



### आतंकवाद दोनों देशों के लिए चुनौती: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत व ग्रीस के समक्ष एक जैसी ही चुनौतियां हैं। इस बार में चर्चा आगे भी जारी रखी जाएगी कि आतंकवाद के खिलाफ किस तरह से एक दूसरे की मदद की जाए। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने अगस्त, 2023 में ग्रीस की यात्रा की थी। वहां उन्हें ग्रीस का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान दिया गया था। तब दोनो देशों ने एक दूसरे के साथ रिश्ते को रणनीतिक संबंध का दर्जा दिया था। भारत की कूटनीति में ग्रीस के तेजी से उभरने की एक वजह तुर्किये को भी बताया जाता है जिसके संबंध भारत व ग्रीस दोनों से खराब हैं।

### UNSC में स्थाई सदस्यता का समर्थन

प्रसंयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करता है ग्रीस

प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मित्सोटाकिस ने हम 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। भारत और ग्रीस कई पहलू से एक-दूसरे से काफी करीब हैं। हमारे विचार उस पुल की तरह काम कर रहे हैं, जो हमें करीब लाता है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र और सबसे बड़ा लोकतंत्र एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी स्थापित कर रहा है।



### भारत विश्व मंच पर महान शक्ति

पीएम मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस दिल्ली में 9वें रायसीना डायलॉग में शामिल हुए। इस दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक महान शक्ति है। शांति और सुरक्षा की खोज में एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। जी20 के केंद्र में एक उभरती हुई ताकत है। मैं चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के साथ हमारी साझेदारी को और मजबूत करें और मैं इस बारे में बात कर रहा हूं कि यूरोप को यूरोप की विदेश नीति की आधारशिला होनी चाहिए और यह निश्चित रूप से मेरे देश के लिए सच है। पीएम मित्सोटाकिस ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज और बड़ी अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ वर्षों में ग्रीस ने किसी भी यूरोपीय देश की तुलना में सबसे तेज विकास दर हासिल की। है।

### 2030 तक दोगुना होगा व्यापार

मोदी और मित्सोटाकिस के बीच कारोबार सहयोग को लेकर भी विस्तार से बात हुई है। दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक अपने द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। भारत की कंपनियों का ग्रीस में निवेश बढ़ रहा है। ग्रीस जहाजरानी उद्योग में काफी उन्नत देश है और हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए भारत अपने जहाजरानी उद्योग को उन्नत बनाने की कोशिश में है। ऐसे में यह क्षेत्र दोनों देशों के बीच सहयोग का नया क्षेत्र बन कर उभर सकता है।



## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# शादी के बाद महिला को नौकरी से हटाना लैंगिक भेदभाव

### पूर्व सैन्य नर्सिंगकर्मी महिला को 60 लाख का रुपए मुआवजा देने का निर्देश



**एजेंसी** | नई दिल्ली

शादी के बाद किसी भी महिला को नौकरी से निकाल देना लैंगिक भेदभाव और असमानता को दर्शाता है। सेवा नियम के तहत विवाह के कारण किसी महिला की सेवाएं समाप्त करना पितृसत्तात्मक मानदंडों को स्वीकार करना और मानवीय गरिमा को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कड़ी टिप्पणी पूर्व लेफ्टिनेंट सेलिना जॉन की याचिका पर की है। दरअसल, शादी के कारण सेलिना जॉन को सैन्य नर्सिंग सेवा की नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने सेलिना जॉन को 60 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। इसके साथ ही याचिकाकर्ता सेलिना जॉन के लिए 26 साल पुरानी कानूनी लड़ाई का अंत हो गया। यह आदेश सशस्त्र बल न्यायाधिकरण की लखनऊ क्षेत्रीय पीठ के उस आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार की अपील पर आया, जिसमें जॉन की सेवा से रिहाई को गलत और अवैध बताया गया था। पीठ ने कहा कि न्यायाधिकरण के आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

इस मामले में याचिकाकर्ता को सैन्य नर्सिंग सेवाओं के लिए चुना गया था और वह दिल्ली के आर्मी अस्पताल में प्रशिक्षु के रूप में शामिल हुई थीं। बाद में तरक्की के साथ उन्हें एनएमएस में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन दिया गया था। फिर सेलिना ने एक सेना अधिकारी के साथ विवाह कर लिया।

## चुनाव आयोग लेगा तैयारियों का जायजा

# लोस के साथ J&K में विधानसभा चुनाव संभव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के साथ जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराए जाने के आ सार हैं। चुनाव आयोग जम्मू कश्मीर का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लेगा। आयोग के संतुष्ट होने पर इस बारे में फैसला किया जाएगा। आयोग ने फरवरी के अंत तक या मार्च के पहले हफ्ते में राज्य की चुनावी तैयारियों को जांचने का कार्यक्रम बनाया है।

इससे पहले राज्य के आला अधिकारियों से तैयारियों से जुड़ी जानकारी साझा करने को भी कहा है। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव को लेकर यह सक्रियता दिखाई है।

## इसरो ने फिर रचा इतिहास

# गगनयान के लिए क्रायोजेनिक इंजन का परीक्षण पूरा

**एजेंसी** | बेंगलुरु

चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गगनयान मिशन की तैयारी में एक और बड़ी सफलता हासिल कर ली है। इसरो ने बुधवार को क्रायोजैनिक इंजन की टेस्टिंग पूरी हो गई है। खास बात है कि इसके जरिए इसरो भारतीय एस्ट्रोनॉट्स पर भेजने की तैयारी कर रहा है।

इसरो ने कहा है कि क्रायोजैनिक इंजन सीई 20 अब गगनयान मिशन के लिए 'ह्यूमन रेटेड' है। कड़े



परीक्षण के बाद इंजन की क्षमता का पता चला है।' खास बात है कि अब यह इंजन एलवीएम 3 वाहन के ऊपरी चरण को ताकत देगा। इसरो के अनुसार, पहला मानवरहित गगनयान मिशन (जी1) 2024 के दूसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

इसरो के अनुसार, मानव रेटिंग मानकों के तहत सीई 20 इंजन को योग्य बनाने के लिए चार इंजनों को अलग-अलग हालात में 39 हॉट फायरिंग टेस्ट्स से गुजरना पड़ा। यह प्रक्रिया 8 हजार 810 सेकंड तक चली। खास बात है कि योग्यता हासिल करने के लिए इंजनों को 6 हजार 350 सेकंड तक इन परीक्षणों से गुजरना जरूरी है। इसरो ने हाल में मौसम संबंधी उपग्रह का भी प्रक्षेपण किया है।

### क्या है गगनयान मिशन

गगनयान मिशन के तहत इसरो तीन सदस्यों के एक क्रू को तीन दिनों के मिशन के लिए 400 किमी के ऑर्बिट में पहुंचाने की तैयारी कर रहा है। मिशन के तहत टीम को पहले 3 दिन के लिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और। फिर यान को समुद्र में उतारकर टीम को पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाया जाएगा।

### मिशन पर 9000 करोड़ रुपए का आ सकता है खर्च

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार के गगनयान प्रोजेक्ट में 9000 करोड़ रुपये का खर्च आ सकता है। अगर स्पेस एजेंसी इस मिशन में सफल हो जाती है, तो भारत मानव को अंतरिक्ष में भेजने वाले चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन यह ऐतिहासिक कारनामा कर चुके हैं।

## सिक्किम में नाथुला के पास की घटना

# भारी बर्फबारी में फंसे 500 पर्यटकों को सेना ने बचाया



**गंगटोक।** सेना ने सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर नाथुला में भारी बर्फबारी के कारण फंसे 500 से अधिक पर्यटकों को बुधवार को बचा लिया। सेना ने एक आधिकारिक बताया कि सिक्किम के ऊंचाई वाले इलाकों में अचानक भारी बर्फबारी और मौसम खराब होने की वजह से 500 से ज्यादा पर्यटक और 175 वाहन फंस गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सेना की त्रिशक्ति कोर के सैनिक शून्य से नीचे के तापमान का सामना करते हुए बचाव के लिए सिक्कम के पहाड़ी इलाकों में पहुंचे। उन्होंने वहां फंसे हुए पर्यटकों की मदद की। उन सभी को संकट से बाहर निकाला गया।

### मलयाली निर्देशक बेसिल जोसेफ करेंगे सुपर हीरो फिल्म का डायरेक्शन

# एक ही होगी मूवी, फ्रेंचाइजी नहीं होगी रणवीर सिंह की शक्तिमान!

शिवराज गुर्जर.बेधड़क

**जयपुर।** अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवीज को लेकर काफी चर्चा में हैं। इनमें फरहान अख्तर की डॉन 3, रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन और सुपर हीरो मूवी शक्तिमान शामिल है। ताजा जानकारी लास्ट वाली फिल्म से जुड़ी है। मूवी से जुड़े सूत्रों से पता चला है कि शक्तिमान कोई फ्रेंचाइजी फिल्म नहीं होगी, बल्कि यह केवल एक ही फिल्म होगी। पहले चर्चा थी कि सुपर हीरो पर बेस्ड फिल्म शक्तिमान तीन पार्ट में बनेगी। बेसिल जोसेफ द्वारा निर्देशित यह फिल्म सोनी पिक्चर्स इंडिया और साजिद नाडियाडवाला के सहयोग से बन रही है। इस फिल्म की शूटिंग मई 2025 में शुरू होने की उम्मीद है।




#### एक साल से चल रहा है काम

बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड के अनुसार प्रोजेक्ट से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि बेसिल एक साल से अधिक समय से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। वह मिन्नल मुरली में टोविनो थॉमस के साथ बेसिल ने जो किया, उसकी तुलना में वह रणवीर के साथ सुपर-हीरो स्पेस में कुछ बिल्कुल अलग करना चाहते थे। बेसिल ने आखिरकार स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म सुपर हीरो वाली है। यह एक्शन प्रधान फिल्म है, लेकिन इसमें एक्शन प्रधान से ज्यादा भावनात्मक होगी। शक्तिमान में बेशक रणवीर उड़ेंगे, लेकिन इसमें सुपरहीरो शैली की कॉस्मेटिक रूढ़िवादिता के अलावा भी बहुत कुछ होगा।

#### आ रही कई बड़ी मूवीज

रणवीर सिंह को आखिरी बार करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में देखा गया था। इन दिनों उनका शूटिंग शेड्यूल काफी व्यस्त है। शक्तिमान के अलावा वह फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित डॉन 3 और रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम अगेन में भी नजर आएंगे। इसके अलावा अभिनेता की कई अन्य निर्देशकों के साथ भी बातचीत चल रही है।



#### मुकेश खन्ना के सीरियल शक्तिमान पर बेस्ड है मूवी

शक्तिमान फिल्म इसी नाम से टीवी पर आने वाले सीरियल पर बेस्ड है। साल 1997 से 2005 तक प्रसारित यह एक लोकप्रिय टीवी सीरियल था। इस धारावाहिक में लीड रोल महाभारत में भीष्म पितामह का रोल कर फेमस हुए अभिनेता मुकेश खन्ना ने मुख्य किरदार निभाया था। यह किरदार प्राचीन योग प्रथाओं से प्राप्त महाशक्तियों वाला एक इंसान था। यह शो बच्चों और वयस्कों के बीच बहुत लोकप्रिय हुआ था। शक्तिमान को भारत का पहला सुपरहीरो शो माना जाता है। यह पूछे जाने पर कि मूल शक्तिमान मुकेश खन्ना रीमेक के बारे में क्या सोचते हैं? मुकेश ने कहा कि अभी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी।



#### फिल्म को मिलने वाले रेस्पांस पर होगा सब कुछ डिपेंड

रणवीर सिंह स्टारर शक्तिमान के तीन पार्ट में बनाए जाने संबंधी खबरों पर सूत्र ने कहा कि इस तरह की सारी बातें बिल्कुल बकवास हैं। फिलहाल यह सिर्फ एक पार्ट में बन रही फिल्म है। इस मूवी को सिनेमाघरों में दर्शकों का कैसा रेस्पांस मिलता है, इसके आधार पर वे देखेंगे कि फ्रेंचाइजी को कैसे आगे बढ़ाया जाए। यह पुष्टि हो गई है कि मलयाली निर्देशक बेसिल जोसेफ शक्तिमान का निर्देशन करेंगे।

## '...सोने की चिड़िया' का मंचन



**बेधड़क. जयपुर।** संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूरे देश में 'भारत रंग महोत्सव' के तहत नुक्कड नाटक 'लो आई वापस सोने की चिड़िया' का मंचन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जयपुर में परम्परा नाट्य समिति की ओर से इस नुक्कड नाटक का मंचन अल्बर्ट हॉल के सामने किया गया। नाटक का निर्देशन दिलीप भट्ट ने किया। नाटक में सचिन भट्ट, के.के. कोहली, नरेन्द्र बबल, महेश महावर, हर्ष भट्ट, दिलीप भट्ट ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। ललित प्रकाश द्वारा लिखित नाटक में यह बताया गया है कि भारत को सोने की चिड़िया क्यों कहा जाता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' का आशय परिवार संयुक्त परिवार, जिसमें बड़े बुजुर्गो की रक्षा, महिलाओं की रक्षा, कला संस्कृति की रक्षा, कला को प्रोत्साहन, विकसित भारत, भरत मुनि का नाट्य शास्त्र, चार वेदों में एक वेद और पंचम वेद, साईन्स, गणित, शिक्षा विकास, एस्ट्रोलॉजी, मेडिसिन, यह सब हमारी संस्कृति और संसार को बचाए रखने का भी मैसेज दिया गया है।

## 25 को करेंगे झील की सफाई



**बेधड़क. जयपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण में 25 फरवरी को सुबह 8 से 12 बजे तक जोन 20 बी जयपुर की ओर से जल महल (मानसागर झील) की साफ सफाई की जाएगी। जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि संत निरंकारी मंडल जोन 20 बी जयपुर की करीब 28 ब्रांच के लगभग 1.5 हजार सेवादल सदस्य और 3 हजार सत्संग के नौजवान मिलकर सफाई अभियान को सफल बनाएंगे। साथ ही निरंकारी मिशन 27 राज्यों के 900 शहरों में एक साथ सफाई अभियान आयोजित कर रही है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके।

## शेफाली को PHD की उपाधि



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय की शोधार्थी शेफाली सोंधी को मिली पीएचडी की उपाधि। इन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर एसएल शर्मा, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के निर्देशन में 'प्रोब्लम्स एण्ड लाइफ स्टाइल ऑफ द एजेड: अ सोशिओलोजिकल स्टडी ऑफ द एजेड इन ओल्ड एज होम्स इन जयपुर सिटी' विषय में पूर्ण किया।

## 'नेचर्स कोर्ड' एग्जीविशन में दिखेंगे कॉफी के नए आयाम

**बेधड़क. जयपुर।** कैनवास पर कॉफी पेंटिंग करने वाली भारत की पहली कंटेंपरेरी पेंटिंग आर्टिस्ट निधि भारती के 100 रिच कलेक्शन में से 40 बेहतरीन पेंटिंग्स को एग्जीबिट किया जाएगा। जवाहर कला केंद्र की सुकृति आर्ट गैलरी में गुरुवार से चार दिवसीय 'नेचर्स कोर्ड' एग्जीबिशन की शुरुआत हो रही है। एग्जीबिशन का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि हवामहल क्षेत्र के विधायक बाल मुकुंदाचार्य और भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर मेजर जनरल एससी पारीक करेंगे। एग्जीबिशन में कॉफी पेंटिंग्स से कलाकार ने अपने जीवन के अनुभव, भावना और प्यार को नेचर से कनेक्ट करते हुए कैनवास पर खूबसूरत चित्रण किया है। यहां सदाबहार अभिनेता देवानंद की कॉफी से बनी पहली पेंटिंग भी कला प्रेमियों को देखने को मिलेगी।

## बेनीवाल ने पदभार संभाला



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में अब विनोद कुमार बेनीवाल जनसंपर्क अधिकारी होंगे। उप रेलवे के कार्मिक विभाग के आदेश जारी किए जाने के बाद बुधवार को बेनीवाल ने पदभार ग्रहण कर लिया। दौसा के मूल निवासी विनोद कुमार बेनीवाल ने 1999 में सहायक लोको पायलट के पद से शुरुआत की थी। इसके बाद फुलेरा एवं बांदीकुई में सेवाएं देने के बाद 2008 में उप रेलवे मुख्यालय में जनसंपर्क विभाग में जन संपर्क निरीक्षक के पद पर चयनित हुए। रेलवे में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बेनीवाल महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, उप महा प्रबंधक/सामान्य से पुरस्कृत हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त विभागीय स्तर पर आयोजित अनेक प्रतियोगिताओं में उन्हें पुरस्कृत किया जा चुका है। बेनीवाल ने जनसंपर्क अधिकारी पद पर चयन के बाद अपने माता-पिता, गुरुओं, सभी साथियों के साथ ही कुशल मार्ग दर्शन के लिए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण एवं वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी कमल जोशी का आभार प्रकट किया।

## City इवेंट्स

### निशुल्क चिकित्सा शिविर 25 को



**बेधड़क. जयपुर।** मल्टीस्पेशलिटी शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर एक अनूठी पहल करने जा रहा है। अस्पताल के वैशाली नगर परिसर में 25 फरवरी को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 से 2 बजे तक मल्टी-स्पेशिलिटी के एक्स्पर्ट परामर्श एवं जनरल चेकअप इत्यादि सेवाएं निःशुल्क प्रदान करेंगे। यहीं नहीं जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। निशुल्क परामर्श सेवाओं में मुख्यतः हड्डी व जोड़ रोग, कैंसर रोग, हृदय रोग, रीढ़ की हड्डी रोग, पेट व लीवर रोग, मस्तिष्क रोग, मूत्र एवं किडनी रोग, पाईल्स व पिष्टुला रोग, प्रसुति व स्त्री रोग, अस्थमा व श्वास रोग, डायबिटीज व थायराइड इत्यादि शामिल हैं।

### कार्यशाला नाटकों का मंचन 24-25 को

**बेधड़क. जयपुर।** संस्था इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा ) जयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शीतकालीन नाट्य कार्यशाला में तैयार किए गए दो नाटकों का मंचन 24 और 25 फरवरी को रविंद्र मंच पर किया जाएगा। कार्यशाला में डेढ़ दर्जन से अधिक नए एवं पुराने कलाकारों ने भाग लिया। आसिफ शेर अलीखान, डॉ. सौरभ भट्ट और वरिष्ठ रंग निर्देशक संजय विद्रोही ने कलाकारों को नाट्य रंगकर्म के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। उसके पश्चात इन कलाकारों द्वारा दो नाटक तैयार किए गए। इनमें 24 फरवरी को सआदत हसन मंटो की कहानी पर आधारित नाटक 'टोबा टेक सिंह उर्फ रिश्तों को क्या नाम दें' का मंचन किया जाएगा। इसका नाट्य रूपांतरण डॉ. आत्मजीत ने किया है। दूसरा नाटक 25 फरवरी को मोहनदास कर्मचंद गांधी लिखित रचना बेस्ड 'हिन्द स्वराज' नाटक का मंचन किया जाएगा। इसका नाट्य रूपांतरण राजेश कुमार ने किया है। दोनों नाटकों का निर्देशन संजय विद्रोही ने किया है।

### सुर साधकों ने दिए संगीत के संस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** सुर संगम संस्थान और जवाहर कला केंद्र की ओर से कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किए जा रहे 34वें राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह के दूसरे दिन पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट, मुंबई की गायिका भावना कडूसकर और मुंबई के ही पं. भवदीप जयपुरवाले ने समारोह में अपनी सांगीतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करने आए प्रतिभागियों को संगीत के संस्कार दिए। साथ ही प्रस्तुति को और अधिक प्रभावी बनाने के टिप्स भी दिए। इस मौके पर राज्य के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और कला मर्मज्ञ ललित के. पंवार भी मौजूद थे।

### बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम में राज्य की 56 टीमों ने दिखाया कौशल

# महिला बैडमिंटन टीम इवेंट मैच में संजीव कार्डियक केअर ने जीता कप

बेधड़क | जयपुर

निविक टेबलिंटन के नौवें संस्करण में महिला बैडमिंटन टीम इवेंट में संजीव कार्डियक केअर विजेता रहा। मैच में खंडेलवाल हार्ट हॉस्पिटल उपविजेता रहे। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि डॉक्टर्स और उनके परिजनों के इस टूर्नामेंट में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम के मैच चल रहे हैं, जिनमें राज्य के लगभग 800 डॉक्टर्स भाग ले रहे हैं। डॉ सौरभ जैन के अनुसार सभी स्पोर्ट्स के सभी वर्गों में कुल मिलाकर 56 टीमों ने भाग लिया।



बैडमिंटन संयोजक डॉ. मणि दुबे एवं डॉ. दिवाकर भार्गव ने बताया कि बैडमिंटन की सीनियर टीम इवेंट के फाइनल में रावत आई हॉस्पिटल ने सुविरा हॉस्पिटल टाई ब्रेकर मैच में हराया। तृतीय स्थान पर जिंदल आई हॉस्पिटल एवं सोमानी हॉस्पिटल रहे। महिला टीम इवेंट वर्ग में संजीव कार्डियक केअर ने खंडेलवाल हार्ट हॉस्पिटल को हराया। तृतीय स्थान पर आई बी एस हॉस्पिटल एवं जयपुर यूरोलॉजी रहे। पुरुषों के 30 वर्ष से कम आयु वर्ग में डॉ. जितेंद्र मीणा विजेता तथा डॉ. गौरव धींगरा उपविजेता, 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग में डॉ. मुकेश भामू विजेता और डॉ. आशीष जैन उपविजेता, 40 से 50 वर्ष आयु वर्ग में डॉ. आशीष जैन विजेता, डॉ. संजय जैन उपविजेता, 50 से 60 आयु वर्ष वर्ग में डॉ. संजय जैन विजेता, डॉ. पुनीत भार्गव उपविजेता तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. डी के शर्मा विजेता और डॉ. पी के जोशी उपविजेता रहे। 40 वर्ष से कम आयु वर्ग महिलाओं में अंशिका कुमावत विजेता तथा डॉ विदिशा प्रधान उपविजेता रहीं।

पुरुषों के युगल मुकाबलों में प्लेटिनम कैटेगरी में डॉ. जितेंद्र मीणा/डॉ. फैज खान विजेता तथा डॉ. आशीष जैन/डॉ. अक्षय शर्मा उपविजेता रहे। गोल्ड कैटेगरी में डॉ. अशोक गुप्ता/डॉ. नरेश अग्रवाल की जोड़ी विजेता बनी। सिल्वर कैटेगरी में डॉ. अजीत जैन/डॉ. निखिल मारवाह विजेता रहे। चैलेंजर कैटेगरी में डॉ. मुकेश भामू/डॉ. गौरव धींगरा की जोड़ी विजेता बनी। मिश्रित युगल रोकीज कैटेगरी में डॉ. अजित जैन/डॉ. अलका जैन विजेता रहे। फाइनल मैचेज के बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि पराक्रम सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़, विशिष्ट अतिथि एवं टाइटल स्पॉन्सर डॉ सोनदेव बंसल, डॉ. राजकुमारी सोमानी, गणेश गठाला, सुभाष विश्नोई एवं कपिल अरोड़ा रहे। समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**पधिक जयंती** बिरला ऑडिटोरियम में होगा आयोजन, आयोजकों ने किया पोस्टर लॉन्च

# 13 साल बाद जयपुर में गुर्जर सम्मेलन, जुटेंगे देश भर के युवा

बेधड़क | जयपुर

गुर्जर समाज के ज्यादा से ज्यादा युवा देश सेवा में जाएंगे। साथ ही समाज सेवा में भी अपना प्रतिनिधित्व देंगे। इसके लिए जयपुर में 27 फरवरी को गुर्जर समाज के युवा और देश भर के प्रतिनिधि एक मंच पर आएंगे। वे राजस्थान गुर्जर महासभा युवा प्रकोष्ठ द्वारा विजय सिंह पधिक जयंती पर बिरला ऑडिटोरियम में गुर्जर युवा सम्मेलन आयोजित करेंगे। इसके लिए पोस्टर का विमोचन बुधवार को किया गया। इस दोरान राजस्थान गुर्जर महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, प्रहलाद अवाना, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनारायण रग्गल, प्रदेश मंत्री एड्वोकेट शैलेन्द्रसिंह धाभाई, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष गौरव चपराना, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रोहित सिंह चेची, पार्षद इन्द्रप्रकाश धाभाई, प्रदीप अवाना, मोहन हीर सहित कई युवा मौजूद रहे। ये प्रोग्राम करीब 13 साल बाद जयपुर में हो रहा है। गौरतलब है कि गुर्जर युवा सम्मेलन में युवाओं के समक्ष शिक्षा व रोजगार संबंधी विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।




#### गुर्जर युवा जागरण अभियान का होगा शुभारंभ

प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान गुर्जर महासभा युवा प्रकोष्ठ गौरव चपराना ने बताया कि प्रदेश स्तर पर गुर्जर युवा जागरण अभियान प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश के गुर्जर युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए महासभा सभी जिलों में छात्रावास बनाने और कोचिंग सेंटर स्थापित करने हेतु अभियान प्रारंभ करेगी। प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में जो कमियां है, उन्हें दूर करने के उपायों पर विचार विमर्श, एमबीसी आरक्षण में भर्तियों में चले आ रहे बैकलॉग के समाधान हेतु रणनीति बनाने पर विचार विमर्श होगा।

#### गृह राज्य मंत्री बेडम होंगे मुख्य अतिथि

गुर्जर युवा सम्मेलन में राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। गुर्जर युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम रहेंगे। सम्मेलन का उद्‌घाटन राजस्थान गुर्जर महासभा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर करेंगे। सम्मेलन में गुर्जर समाज में कार्य कर रहे विभिन्न संगठनों के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी एवं सांसद तथा विधायक भाग लेंगे।



## चीन ने अंटार्कटिक की बर्फ में बनाया नया 'रिसर्च स्टेशन'



*बीजिंग।* चीन ने पिछले हफ्ते अंटार्कटिका में एक नए वैज्ञानिक अनुसंधान स्टेशन का उद्घाटन किया। अंटार्कटिका महाद्वीप पर चीनी उपस्थिति के तेजी से विस्तार के उद्देश्य और प्रभाव को लेकर एक बार फिर बहस शुरू हो गई है। रॉस सागर के पास इनएक्सप्रेसिबल द्वीप पर स्थित क्विनलिंग स्टेशन चीन की पांचवीं वैज्ञानिक चौकी और महाद्वीप पर तीसरा अनुसंधान स्टेशन भी है। इस अनुसंधान स्टेशन को इस तरह से बनाया गया है कि यह हर मौसम में काम कर सकता है। चीन के सरकारी प्रसारक सीजीटीएन के अनुसार, यह स्टेशन 5244 वर्ग मीटर में फैला हुआ है और गर्मी के महीनों के दौरान इसमें 80 लोग रह सकते हैं।

### 16 बड़ी कंपनियों ने तैयार की अपनी सेना

# अब चीनी कंपनियां भी बना रहीं सेना

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है, जिसमें करीब 20 लाख जवान हैं। फिर भी इन दिनों चीन में एक अद्भुत बदलाव दिख रहा है। चीन की निजी कंपनियां भी अब अपनी सेनाएं बना रही हैं। वे अपने कर्मचारियों को हथियारों से लैस कर रही हैं और उन्हें सैन्य ट्रेनिंग भी दी जा रही है।



रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 16 बड़ी चीनी कंपनियों ने अपनी ही सेना तैयार कर ली है। इनमें से एक कंपनी डेयरी उत्पाद भी तैयार करती है। इन कंपनियों में सेना के गठन का काम करने के लिए अलग से एक विभाग का ही गठन कर लिया गया है। इस डिपार्टमेंट का नाम पीपल्स आर्म्ड फोर्सेज डिपार्टमेंट रखा गया है। जानकारी के मुताबिक इन निजी सैन्य टुकड़ियों को चीनी सेना के रिजर्व बल के तौर पर रखा जाएगा। इनका इस्तेमाल किसी आपदा आने या फिर सामाजिक उपद्रव भड़कने की स्थिति में व्यवस्था संभालने के लिए किया जा सकेगा। जानकारों का कहना है कि इन कॉरपोरेट ब्रिगेड्स को इसलिए तैयार किया जा रहा है ताकि किसी दूसरे देश से जंग में या फिर घरेलू स्तर पर सामाजिक उपद्रव भड़के तो इस्तेमाल किया जा सके। माना जा रहा है कि कोरोना काल में चीन सरकार की ओर से जब सख्त पाबंदियां लगाई गई थीं तो लोग भड़क उठे थे। इस दौरान व्यवस्था संभालना मुश्किल हो गया था। ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने में अब कॉरपोरेट सेनाएं भी मदद करेंगी। इसके अलावा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले दिनों नसीहत दी थी कि चीन के समाज में कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रसार होना चाहिए। इसके अलावा कॉरपोरेट सेक्टर को भी इसमें शामिल करना चाहिए। माना जा रहा है कि इसी के तहत कंपनियों को भी सेना बनाने को कहा गया है।

### पाकिस्तान में नई सरकार का फॉर्मूला फाइनल

# शहबाज प्रधानमंत्री तो जरदारी बनेंगे राष्ट्रपति

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिला है। ऐसे में बीते 12 दिनों से चर्चा थी कि देश की सत्ता कौन संभालेगा। इसके लिए अलग-अलग दलों के बीच गठबंधन की लंबी बातचीत चली। आखिरकार नई सरकार को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। दो प्रमुख पार्टियां पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (PPP) गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति जताई है। दोनों दलों के शीर्ष नेताओं ने पुष्टि की है कि वे देश के सर्वोत्तम हित में एक बार फिर सरकार बनाने के लिए गठबंधन करने जा रहे हैं।

बिलावल भुट्टो ने ऐलान किया कि शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद के लिए गठबंधन के उम्मीदवार होंगे और आसिफ अली जरदारी देश के राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के पास अब बहुमत है और हम अगली सरकार बनाने की स्थिति में हैं। भुट्टो ने कहा कि दोनों दल देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए सरकार बनाएंगे।





#### सबसे ज्यादा इमरान की पार्टी के कैंडिडेट्स

पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव हुए थे। इमरान खान की पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे अधिक नेशनल असेंबली सीटों पर कब्जा जमाया है। उनके पास 92 सीटें हैं। उसके बाद पीएमएल-एन के पास 79 और पीपीपी के पास 54 सीटें हैं। इमरान खान जेल में हैं। उन्होंने विपक्ष में बैठने का फैसला लिया है।

#### शहबाज शरीफ दूसरी बार बनेंगे पीएम

शहबाज शरीफ इस समय 72 साल के हैं। वे इमरान खान के हटने के बाद पाकिस्तान के 23वें प्रधानमंत्री बने थे और अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक देश की सत्ता संभाली थी। वे पीपीपी के समर्थन से सरकार में आए थे। वहीं, 68 साल के आसिफ अली जरदारी, बिलावल भुट्टो के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पति हैं। वे 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं।

### दुबई जाने वाले भारतीयों के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की खुशखबरी

# UAE के लिए दिया टिकटों में विशेष छूट का ऑफर

**एजेंसी** | दुबई

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उन यात्रियों के लिए किराए में छूट की घोषणा की है जो बिना चेक-इन बैगेज के यात्रा करना चाहते हैं। यानी अगर आपके पास सामान कम है तो आप इस छूट का फायदा उठा सकते हैं। एयरलाइन ने इसका नाम स्पेशल एक्सप्रेस लाइट फेयर दिया है। यूएई और भारत के बीच सफर करने वाले यात्री भी इसका फायदा उठा सकते हैं। इसमें यात्री अपने साथ 3 किलो केबिन बैगेज प्री-बुक का ऑप्शन सेलेक्ट कर सकता है। यात्री 15 किलो और 20 किलो के एक्सट्रा बैगेज स्लैब को रियायती दर पर खरीद सकता है। इसके लिए प्री-बुकिंग भी कर सकता है।

**यूएई-भारत के यात्रियों को मिलेगा फायदा:** यह नया पैकेज भारत-यूएई रूट पर भी लागू है। प्रतिदिन 340 से अधिक उड़ानें संचालित करते हुए यह 31 घरेलू और 14 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को जोड़ता है। एयरलाइन भारत और यूएई के बीच प्रति सप्ताह 195 उड़ानें संचालित करता है। इसमें दुबई के लिए 80, शारजाह के लिए 77, अबू धाबी के लिए 31, रास अल खैमा के लिए 5 और अल ऐन के लिए 2 उड़ानें शामिल हैं। खाड़ी क्षेत्र में यह प्रति सप्ताह 308 उड़ानें संचालित करता है।

### अमेरिकी महिला पर रूस में चलेगा देशद्रोह का केस

# यूक्रेन को 4000 रुपए दान करने पर डांसर अरेस्ट

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस में लंबे वक्त से रह रही एक अमेरिकी डांसर को पुलिस ने देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। महिला पर यूक्रेनी संगठन को 51 डॉलर (करीब 4 हजार रुपए) का दान करने का आरोप है। यह संस्था यूक्रेन में लोगों की मदद के लिए चंदा इकट्ठा करती है। महिला पर आरोप है कि उसने दान देकर यूक्रेनी सेना की मदद की है और रूस को धोखा दिया है। महिला जेल में है और उस पर केस चल रहा है। रूस में देशद्रोह पर सख्त सजा के प्रावधान है। उसे आंखों पर पट्टी और बेड़ियां बांधकर अदालत लाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, 33 वर्षीय बैलेरीना केन्सिया कारेलिना को देशद्रोह के आरोप में रूस में गिरफ्तार किया गया है।

### अमेरिका के लिए खतरे की घंटी!

# ईरान ने बनाया 'समुद्र का साइबरट्रक'

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान ने फारस की खाड़ी में दो नए युद्धपोतों को उतारा है। 600 टन के ये युद्धपोत क्रूज और एंटी-शिप मिसाइलों से लैस हैं। ईरानी नौसेना के ये नए युद्धपोत सुलेमानी सीरीज के हैं। इनका नाम ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के पूर्व प्रमुख जनरल कासिम सुलेमानी के नाम पर रखा गया है। सुलेमानी की 2020 में इराक के बगदाद में एक ड्रोन हमले में मौत हो गई थी। ईरान के इन नए जंगी जहाजों की क्षमता को देखते हुए इनको समुद्र का साइबरट्रक कहा जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने विश्व स्तरीय युद्धपोत तैयार किए हैं। 65 मीटर लंबे युद्धपोत 45 समुद्री मील (52 मील प्रति घंटे) की गति से यात्रा कर सकते हैं और 700 किमी दूर लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम हैं। युद्धपोतों की यह जोड़ी मिसाइल और वायु रक्षा प्रणालियों से लैस है। इसमें मिसाइलों के लिए ईरान की नई नव्वब वर्टिकल लॉन्च प्रणाली, चार 20 मिमी ट्रिपल-बैरेल्ड गैटलिंग बंदूकें, एक 30 मिमी ऑटोकैनन, 16 सैय्यद-सीरीज एसएएम और छह अबू-महदी नौसैनिक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं।

#### जहाज में हेलिकॉप्टर और नौकाएं भी



इन जहाजों में एक लड़ाकू हेलिकॉप्टर और तीन हमलावर नौकाएं भी होती हैं। ईरान के रियर एडमिरल अलीरेजा तांगसिरी ने बताया है कि युद्धपोत शांति का संदेश फैलाने का इरादे से लॉन्च किए गए है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोई समस्या पैदा करने की कोशिश करेगा तो जहाज उसको जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ईरान के ये दोनों युद्धपोत फारस की खाड़ी और अरब सागर की ओर बढ़ रहे हैं। इस जगह से कुछ ही दूरी पर हूती विद्रोहियों ने हाल के दिनों में इजराइल और अमेरिका के जहाजों को निशाना बनाया है। ईरान स्पीडबोट-प्रभुत्व वाली तटीय रक्षा रणनीति से आगे बढ़कर एक वास्तविक नौसैनिक शक्ति की ओर बढ़ना चाहता है। सशस्त्र बलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ अजीज नसीरजादेह ने कहा है कि ईरान हिंद महासागर की ओर समुद्र में क्षेत्रीय और अतिरिक्त-क्षेत्रीय शक्ति विकसित करने का इरादा रखता है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल लगातार ये आरोप भी लगा रहे हैं कि वह हूतियों की मदद कर रहा है। अमेरिका का कहना है कि हूती ईरान के इशारे पर ही उसके जहाजों पर लाल सागर में हमला कर रहे हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl